चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 239, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरुवार 28 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## विदेशी निवेशकों को धमकी दी जाती थी, गुजरात मत जाओ...', वाइब्रेंट गुजरात में बोले पीएम मोदी

# गुजरात को बदनाम करने की साजिश हुई: मोदी






**अहमदाबाद**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी बुधवार (27 सितंबर) को अहमदाबाद के साइंस सिटी में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 20 साल पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पीएम मोदी का स्वागत किया। उन्होंने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 20 साल के सफर को याद करते हुए तत्कालीन केंद्र सरकार पर सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया।
पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया वाइब्रेंट गुजरात की सफलता देख रही है, लेकिन वाइब्रेंट गुजरात का आयोजन ऐसे माहौल में किया गया था, जब तत्कालीन केंद्र सरकार गुजरात के विकास को लेकर बेरुखी दिखाती थी।

**केंद्रीय मंत्री कार्यक्रम में भाग लेने से मना करते थे**

पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, तत्कालीन सरकार के केंद्रीय मंत्रियों ने इस कार्यक्रम में भाग लेने से मना कर दिया और विदेशी निवेशकों को गुजरात में निवेश नहीं करने की धमकी दी। उन्होंने कहा, ह्ल...लेकिन फिर भी, निवेशक आए और उनके लिए कोई प्रोत्साहन नहीं दिया गया था। निवेशक केवल सुशासन, निष्पक्ष शासन, विकास के समान वितरण और पारदर्शी सरकार के कारण आए।

**'गुजरात को राजनीति के चश्मे से देखती थी सरकारें'**

पीएम मोदी ने पूर्ववर्ती केंद्र सरकार पर गुजरात की प्रगति को राजनीति के चश्मे से देखने का आरोप लगाया। पीएम ने आगे कहा कि केंद्रीय मंत्री मुझसे कहते थे कि वह निश्चित रूप से कार्यक्रम में आएंगे। पता नहीं पीछे से डंडा चलता था, बाद में वो मन कर देते थे। उन्होंने कभी सहयोग नहीं किया, वे बाधाएं पैदा करते थे।

**20 साल पहले हमने एक छोटा सा बीज बोया था**

पीएम मोदी ने कहा कि 20 साल पहले हमने एक छोटा सा बीज बोया था। आज वो एक विशाल और वृहद वाइब्रेंट वटवृक्ष बन गया है। हम गुजरात के पुनर्निर्माण ही नहीं, बल्कि उससे आगे की सोच रहे थे। वाइब्रेंट गुजरात को हमने इसका प्रमुख जरिया बनाया। ये गुजरात का आत्मविश्वास बढ़ाने और दुनिया के साथ आंख से आंख मिलाकर बात करने का माध्यम बन गया।
उन्होंने आगे कहा, "ये भारत में मौजूद अलग अलग सेक्टर्स की असीमित संभावनाओं को दिखाने का जरिया बना। ये भारत के टैलेंट को देश के अंदर इस्तेमाल करने का माध्यम बना। ये भारत की दिव्यता, भव्यता और सांस्कृतिक विरासत को विश्व को दिखाने का एक माध्यम बन गया।"

**दुनिया को अपनी ताकत भी दिखा दी**

पीएम ने कहा कि उस समय भी हम गुजरात के पुनर्निर्माण ही नहीं, उससे भी आगे की सोच रहे थे। हमने गुजरात की क्षमता को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने संकल्प लिया और दुनिया को अपनी ताकत भी दिखा दी। आज वाइब्रेंट समिट के 20 साल की सफलता दुनिया देख रही है। यह वह बॉन्ड है, जो उनके असीम स्नेह पर आधारित है। उस समय केंद्र सरकार चलाने वाले गुजरात समिट में रोड़े अटकाने में लगे रहते थे। व्यक्तिगत रूप से तो मुझसे समिट में आने का कहते थे, लेकिन किसी न किसी बहाने से समिट में नहीं आते थे। न जाने, पीछे से उन पर कौन सा डंडा चलता था।

**वडोदरा के नवलखी ग्राउंड में हुआ ग्रैंड वेलकमः** बोडेली के सरकारी कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वडोदरा पहुंचे, जहां महिला कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद पीएम ने नवलखी मैदान पर रखे गए नारी वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम ने कहा- सामाजिक भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी सीमित थी। महिला सशक्तिकरण के लिए देश में किए गए प्रयासों में वडोदरा को मील का पत्थर माना जाता है। गायकवाड़ी सरकार ने लड़कियों को निःशुल्क शिक्षा देना अनिवार्य किया था। एमएस यूनिवर्सिटी में चांसलर के रूप में महिलाएं ही हमारा मार्गदर्शन करती हैं। गुजरात मॉडल की चर्चा देश-दुनिया में होती है। देश और गुजरात के विकास मॉडल की सबसे बड़ी ताकत हमारी बहनें और माताएं हैं। आप में से कई बहनें जानती हैं कि 20 साल पहले महिला साक्षरता दर कितनी कम थी। गुजरात में पुरुष-महिला अनुपात चिंताजनक था। मातृसत्ता की भागीदारी बहुत कम थी। हमारी माताओं-बहनों को जीवन का सबसे बड़ा संघर्ष झेलना पड़ा। जीवन का सबसे ज्यादा संघर्ष महिलाएं को करना पड़ता था। घर का चूल्हा जलाने और पानी भरने से लेकर बच्चों को पालने तक। लेकिन आज महिलाओं को पानी और चूल्हा जलाने की चिंता नहीं। हमारी सरकार ने महिलाओं को पानी, गैस सिलेंडर ही नहीं, बल्कि उनको घर भी दिया है। आज बहने अपने घर की खुद मालकिन हैं।

### 'देश की करोड़ों बहनें आज लखपति दीदी बन गई हैं'

पीएम ने कहा- आज मुझे संतोष है कि आदिवासी क्षेत्रों के लिए जो योजनाएं बनी थीं, वे साकार होती जा रही हैं। सरकार विकास को आपके द्वार तक लेकर आई है। ऐसे में गांवों को कम कीमत पर इंटरनेट की भी सौगात मिल गई है। आज देश की करोड़ों बहनें आज लखपति दीदी बन गई हैं। आज बहनें यह नहीं कहतीं कि मेरे पास घर नहीं है। मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि मैंने अपने देश की बहनों को उनका घर दिया है। मुझे आदिवासियों का आदर और सम्मान करने का अवसर दिया गया है।

## लालू की सजा बढ़ाने के लिए सीबीआई ने दी दलील

**रांची**
**चारा** घोटाला मामले में लालू प्रसाद यादव की सजा बढ़ाए जाने को लेकर बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में सीबीआई की याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत में इस मामले में अगली सुनवाई के लिए दिसंबर के दूसरे सप्ताह में तिथि निर्धारित की है। सीबीआई की ओर से देवघर कोषागार मामले में लालू प्रसाद की सजा बढ़ाने की मांग की गई है। सीबीआई की ओर से कहा गया है कि लालू प्रसाद यादव चारा घोटाले के उच्च षड्यंत्र में शामिल थे।

### अंदर का ब्राह्मण मारो, राज्यसभा में राजद सांसद ने ठाकुरों पर पढ़ी थी कविता

## मनोज झा की जीभ खींचकर सदन में उछालता: आनंद मोहन



**पटना**
**राज्यसभा** में 21 सितंबर को आरजेडी राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने महिला आरक्षण बिल पर बोलते हुए ठाकुरों पर कविता सुनाई थी। अब इस कविता को लेकर बिहार के ठाकुर नेता नाराज हो गए हैं। उन्हीं की पार्टी के बाहुबली नेता आनंद मोहन ने कहा कि अगर मैं उस वक्त राज्यसभा में होता तो उनकी जीभ खींचकर आसन की तरफ उछाल देता, सभापति की ओर। वहीं, आरजेडी के ही विधायक और आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद ने भी उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। चेतन आनंद ने फेसबुक पर पोस्ट करते हुए कहा कि वह मनोज झा के विचारों का पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने फेसबुक लाइव किया और कहा- मनोज झा ब्राह्मणों पर कविता क्यों नहीं सुनाते हैं। चेतन आनंद ने कहा कि वो जनता से माफी मांगे। हम चूड़ी पहनकर नहीं बैठेंगे। इधर, राजद ने अपने ट्विटर हैंडल से मनोज झा का भाषण शेयर करते हुए लिखा है-दमदार और शानदार। दूसरी ओर बीजेपी एमएलसी नीरज कुमार बबलू ने कहा कि मनोज झा मेरे सामने ठाकुरों पर बयान देते तो पटक कर मुंह तोड़ देता। उन्होंने कहा कि मनोज झा को अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए। महिला आरक्षण बिल पर सदन में अपनी बात रखते हुए आरजेडी के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने कहा था कि इस बिल को दया भाव की तरह पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा था कि दया कभी अधिकार की श्रेणी में नहीं आ सकती है। आखिरी में उन्होंने ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविता पढ़कर अंदर के ठाकुरों को मारने का आह्वान किया था।

## राहुल गांधी ने शेयर किया कुलियों से बातचीत का वीडियो

**नई दिल्ली**
**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने बुधवार को "रिकॉर्ड बेरोजगारी" और "कमरतोड़ महंगाई" के मुद्दों को उठाया और आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुलियों के साथ अपनी हालिया बातचीत का एक वीडियो साझा किया। राहुल गांधी से मिलने के दौरान कूलियों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया था। राहुल गांधी ने 21 सितंबर को आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुलियों से बातचीत की थी और उनकी समस्याएं सुनी थीं। राहुल गांधी ने की थी ।

## जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार करें भविष्य का रोडमैप : राष्ट्रपति

### राष्ट्रपति मुर्मू ने इंडिया स्मार्ट सिटीज अवार्ड्स कॉन्टेस्ट-2022 के विजेताओं को वितरित किए पुरस्कार




**भोपाल**
**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि शहरों और नागरिकों की जरूरत का आकलन कर विकास का रोडमेप तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर चिंता जाहिर करते हुए स्मार्ट शहरों में किये जा रहे कार्यों को सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में और टिकाऊ विकास पर और अधिक काम किये जाने की जरूरत है। शहरी विकास में समग्र निवेश पिछले दशकों में दोगुना से अधिक हुआ है। स्मार्ट सिटी मिशन का इसमें बड़ा योगदान है। राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार को इंदौर में इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव-2023 को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने समारोह में आईसी अवार्ड सेरेमनी में विजेता शहरों और राज्यों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति ने कहा कि इन्दौर ने भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपना स्थान बनाए रखा है। इंदौर देश की स्मार्ट सिटीज में भी सबसे ऊपर है। उन्होंने इंदौर के निवासियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन के अधिकारियों, केंद्र सरकार के सम्बद्ध विभागों तथा अन्य सभी स्टेकहोल्डर्स की सराहना की। उन्होंने इंडिया स्मार्ट सिटीस अवार्ड कॉन्टेस्ट 2022 में मध्य प्रदेश द्वारा बेस्ट स्टेट का गौरव प्राप्त करने पर राज्य के सभी निवासियों, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उनकी पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## सीएम गहलोत ने उपराष्ट्रपति के दौरे पर उठाए सवाल



**जयपुर**
**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने बुधवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में मिशन 2030 के लिए जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के लगातार राजस्थान दौरों को लेकर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि हम गर्वनर हो या उपराष्ट्रपति, सम्मान करते हैं। लेकिन बार-बार सुबह-शाम आ रहे हैं। दौरे कर रहे हैं। इसका कोई तुक नहीं है। क्या तुक है। चुनाव चल रहे हैं राजस्थान में। आप बार-बार आओगे तो लोग क्या समझेंगे। आप चाहते क्या हो? यह संवैधानिक संस्थाएं हैं। उनका मान-सम्मान रहना चाहिए। चाहे कोई सरकार हो। प्रधानमंत्री ने इस बार कहलवा दिया कि प्रोटोकॉल में कोई नहीं आएगा, न अफसर-न मंत्री। गहलोत ने कहा कि पहले प्रधानमंत्री आए और अब उपराष्ट्रपति अप-डाउन कर रहे हैं।

### यूपी में एक साल में आए 30 करोड़ पर्यटक: सीएम योगी


## पर्यटन: ग्रीन इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने का प्रयास: योगी



**गोरखपुर**
**मुख्यमत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पर्यटन की संभावनाओं के साथ ग्रीन इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है कि प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सिर्फ इलेक्ट्रिक वाहनों (ई-बस व ई रिक्शा) की सेवा उपलब्ध कराई जाए। वहां डीजल-पेट्रोल से चलने वाले वाहनों का संचलन न हो। इसके लिए निजी ऑपरेटर्स को प्रोत्साहित किया जाएगा। सीएम योगी बुधवार अपराह्न विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आधारित प्रर्दशनी का उद्घाटन, उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आधारित 'ए टू जेड' पुस्तिका का विमोचन, युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों को किट वितरण एवं उत्तर प्रदेश के अग्रणी पर्यटन उद्यमियो का सम्मान करने के उपरांत मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस की थीम है 'टूरिज्म एंड ग्रीन इन्वेस्टमेंट'। प्रमुख पर्यटन स्थलों पर इलेक्ट्रिक वाहनों की सुविधा से लोगों को एक बहुत अच्छा वातावरण मिलेगा। वहां पर अपने आप एक आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण मिलेगा। पर्यटन स्थल को हम इस ढंग से विकसित करें कि वहां पर जनरेटर भी न चले, सोलर लाइट की व्यवस्था करें।

### राज्य-देश में गेहूं की पैदावार का कुल रकबा तीन करोड़ हेक्टेयर, अक्टूबर में शुरू होती है बोआई

## किसानों की हुई चांदी: इस साल रिकॉर्ड तोड़ होगी गेहूं की फसल



**नई दिल्ली**
**अल नीनो** जैसी स्थितियों के बीच सरकार ने अगले महीने से शुरू होने वाले रबी सत्र में गेहूं की बोआई के कुल रकबे के 60 प्रतिशत हिस्से में जलवायु-प्रतिरोधी किस्मों की खेती करने का लक्ष्य रखा है। कृषि मंत्रालय ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बावजूद 2023-24 के रबी सत्र में 11.4 करोड़ टन की रिकार्ड गेहूं पैदावार का लक्ष्य रखा है। एक साल पहले की समान अवधि में गेहूं का वास्तविक उत्पादन 11.27 करोड़ टन रहा था। रबी सत्र की मुख्य फसल गेहूं की बोआई अक्टूबर में शुरू होती है और इसकी कटाई मार्च एवं अप्रैल में होती है। कृषि सचिव मनोज आहूजा ने रबी फसलों की बोआई की रणनीति तैयार करने के लिए आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा, 'जलवायु पारिस्थितिकी (क्लाइमेट इकोसिस्टम) में कुछ बदलाव हुए हैं जो कृषि को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में हमारी रणनीति जलवायु-प्रतिरोधी बीजों के इस्तेमाल की है।' सरकार ने 2021 में जल्द गर्मी आने से गेहूं की पैदावार पर पड़े असर को देखते हुए 2022 में किसानों को 47 प्रतिशत गेहूं रकबे में गर्मी को झेल पाने वाली किस्मों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया था। देश में गेहूं की पैदावार का कुल रकबा तीन करोड़ हेक्टेयर है।

**देश में 800 से अधिक जलवायु प्रतिरोधी किस्में मौजूदः** कृषि सचिव ने कार्यक्रम में कहा कि देश में 800 से अधिक जलवायु-प्रतिरोधी किस्में उपलब्ध हैं।

## खालिस्तानी-गैंगस्टर नेटवर्क पर एनआईए का शिकंजा




**नई दिल्ली**
**खालिस्तान** और गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को 6 राज्यों में एक साथ कार्रवाई की। एजेंसी ने बुधवार सुबह पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में 51 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। यह कार्रवाई लॉरेंस, बंबीहा और अर्श डल्ला गैंग के सहयोगियों से जुड़े ठिकानों पर हो रही है। पंजाब के फिरोजपुर से खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला के करीबी जोरा सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उसके मोबाइल में अर्श डल्ला के साथ चैटिंग के सबूत मिले हैं। राजस्थान के जैसलमेर से एक संदिग्ध को हिरासत लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पंजाब में करीब 30 और हरियाणा में 4 जगहों पर रेड की सूचना है। यूपी के पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, अलीगढ़, सहारनपुर में एनआईए ने दबिश दी है।

# बेलवनिया माइनर के पुनर्स्थापना से हर खेत तक पहुंचेगा पानी : रीता जोशी

## 2017 के बाद नहरों के जीर्णोद्धार व खुदाई का युद्ध स्तर पर हुआ काम राजमणि कोल, माइनर के पुनर्स्थापना के लिए सांसद विधायक व अधिशासी अभियंता बेलन नहर ने किया भूमि पूजन

अखंड भारत संदेश



**कोरांव।** बेलवनिया माइनर के पुनर्स्थापना से इस क्षेत्र के किसानों के हर खेत तक पानी पहुंचेगा काफी दिनों से यह नहर पट भंट कर निष्प्रयोज्य हो गई थी। जिसके लिए अब शासन की ओर से धन मुहैया कराया जा चुका है। शीघ्र यह नहर बनकर तैयार होगी और किसानों के खेतों तक पानी पहुंचेगा। ये बातें प्रयागराज संसदीय क्षेत्र की सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी ने माइनर पुनर्स्थापना कार्य के शुभारंभ के दौरान भूमि पूजन कर बतौर मुख्य अतिथि कही। इसी क्रम में भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राजमणि कोल ने कहा कि 2017 के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में बंद पड़ी नहरों के जीर्णोद्धार व उनके खुदाई का कार्य युद्ध स्तर पर कराया। उन्होंने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में भी जिन गांवों में आजादी के बाद से पानी नहीं पहुंचा था उन गांव में नहरो की मरम्मत व खुदाई कराते हुए पानी पहुंचाने का काम किया गया। जिसके लिए उन्होंने बेलन नहर प्रयागराज के अधिशासी अभियंता सुरेश चंद्र यादव व सहायक अभियंता तथा अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की सराहना भी की। विधायक राजमणि कोल ने कहा कि मेरे विधानसभा का चाहे खीरी टेल क्षेत्र रहा हो अथवा उपरौध क्षेत्र सभी नहरो में अधिकारियों के अथक परिश्रम और सहयोग से पानी पहुंचा और किसानों में खुशहाली देखी जा रही है। विधायक और सांसद ने नहर पुनर्स्थापना भूमि पूजन करने के बाद विकासखंड कोरांव के बड़ोखर गांव पहुंचे जहां रुर्बन अर्बन मिशन योजना के अंतर्गत नवनिर्मित भवन का लोकार्पण कर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं से संवाद कर उनकी तरक्की और खुशहाली को जाना। बड़ोखर में खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव ने सांसद व विधायक को योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों एवं स्वयं सहायता समूह की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। नहर भूमि पूजन कार्यक्रम का संचालन शशि द्विवेदी एडवोकेट ने किया इस दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नरसिंह केसरी, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी, भाजपा महिला मोर्चे की जिला मीडिया प्रभारी संतरा देवी बिंद, जिला पंचायत सदस्य पिंटू चौबे, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह पटेल समेत भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी व ग्रामीण कृषक मौजूद रहे।

## क्षेत्र में वायरल फीवर एवं डेंगू वायरस की फैलने से लोग परेशान, स्वास्थ्य विभाग बना अंजान

**सहसों।** सहसों सहित क्षेत्र के भोपतपुर, मीरापुर, सिंगरामऊ एवं पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर का मजरा तकिया चौराहा पर दर्जनों लोग वायरल बुखार और डेंगू की चपेट में है। करीब दस दिनों से यहां के लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं। गांव की सुमित्रा देवी, वीरेंद्र पटेल, सोनाली विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, सोना विश्वकर्मा, दीप नारायण पटेल, ज्योति पटेल, शिवम केसरवानी, उमाशंकर केसरवानी, रीना पटेल, बबीता पटेल, सुनीता देवी आदि ग्राम वासी वायरल बुखार व डेंगू की समस्या से जूझ रहे हैं। अकबर अली, सचिन मौर्य, सूरज केसरवानी की डेंगू से हालत खराब होने पर शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां झोलाछाप डॉक्टर बुखार आने पर तुरंत खून की जांच करवा रहे हैं। प्लेटलेट्स कम आने पर भर्ती कर डेंगू का इलाज किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार काफी संख्या में लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं। कई मरीजों का इलाज सहसों और शहर के निजी अस्पतालों में चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम अभी तक मौके पर पहुंचकर किसी भी तरह का उपचार या छिड़काव नहीं कर सकी है। जिससे विभाग एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उदासीनता साफ-साफ दिखाई दे रहा है। बीमारी को लेकर ग्रामीणों में हड़कंप मचा हुआ है। अभी तक ग्राम पंचायत से लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से न तो कोई छिड़काव और न ही कोई उपचार किया जा रहा है। सब के सब अंजान बने हुए हैं।

## मेजा में सड़क पर मृत पड़ी गाय की लाश को रौंदते रहे वाहन, जिम्मेदार बेखबर

**मेजा।** बीती रात मेजाखास में वन विभाग कार्यालय से महज 50 मीटर की दूरी पर सड़क पर बैठी एक गाय को भारी वाहन ने कुचल दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ देर तक गाय तड़पती रही और बाद में उसने दम तोड़ दिया। रातभर वाहन सड़क से गुजरते रहे और गाय की लाश को रौंदते रहे। उसका सिर पूरी तरह से कुचल गया है और सड़क खून से लतपथ हो गई है। सुबह टहलने के लिए निकले लोगों ने गाय की लाश पड़ी देखी तो जिम्मेदारों को सूचना दी। इसके बाद भी जिम्मेदार बेखबर रहे और वाहन रौंदते हुए जाते रहे।

## महिला स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन पर व्याख्यान

**नैनी।** नैनी हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी, में आइक्यूएसी और महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में ₹महिला स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन विषय₹ पर स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय की चिकित्सक डॉ. रवि रानी ने व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो.ओम प्रकाश की अध्यक्षता मे डॉ. सुवर्णा सरकार ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की बात कही। मुख्य वक्ता डॉ. रवि रानी ने महिलाओं के स्वास्थ्य में शिक्षा को महत्वपूर्ण बताते हुए यह बताया कि महिलाओं को अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छा और पोषक भोजन तथा अपने समस्त काम को समय से करने की आदत डालनी होगी। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,चाका नैनी के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ हेमंत सिंह के सौजन्य से छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन का वितरण भी किया गया। डॉ. स्मिता पाल ने सकारात्मक सोच से छात्राओं को स्वस्थ रहने के उपाय बताए। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मंजुलता ने दिया।

# श्रमिको के हितों की सुरक्षा में ईपीएफओ निभाता है महत्वपूर्ण भूमिका : विपुल चंद्र






अखंड भारत संदेश

**मेजा।** ईपीएफओ उद्योगों में श्रमिकों के हितों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उक्त उदगार बुधवार को मेजा ऊर्जा निगम ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन निधि आपके निकट' जिला आउटरीच कार्यक्रम मे ईपीएफओ इंस्पेक्टर विपुल चंद्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि आउटरीच कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य ईपीएफओ द्वारा दिए जाने वाले कई सामाजिक सुरक्षा लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है साथ ही साथ मुद्दो को हल करने और लाभार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देने का एक माध्यम है। श्री सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में लगभग 100 लोगों ने सक्रिय भागीदारी दी है , जिसमे मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड कर्मचारी,कर्मचारी बीमा निगम के प्रतिनिधि और मेजा उर्जा निगम के साथ साझेदारी करने वाले विभिन्न व्यवसायों से जुड़े अनुबंध कर्मचारी शामिल है।उन्होंने ने वित्तीय सुरक्षा और सेवानिवृत्ति योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ईपीएफओ उद्योगों में श्रमिकों के हितों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इतना ही नहीं उन्होंने आउटरीच कार्यक्रम को सुविधाजनक बनाने में मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड के प्रयासों को सराहना करते हुए कहा कि कर्मचारियों और अनुबंध श्रमिकों दोनों को उनके सामाजिक सुरक्षा लाभों के बारे में जानकारी हासिल करने का एक मूल्यवान अवसर है। इस मौके पर मेजा ऊर्जा निगम के अधिकारी एव कर्मचारियो के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# अरैल बंधारोड का आकर्षण एवं पर्यावरण को बचाने हेतु पदयात्रा 9 अक्टूबर को

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** कनैनी अरैल बंधारोड जिसे हर्बल मार्ग के नाम से जाना जाता है वर्तमान में उसकी सुंदरता पर लगने वाले सम्भावित ग्रहण को लेकर पूरे क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है। विदित है कि प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा अरैल बंधारोड स्थित भूस्वामियों को दी गई नोटिस के अनुसार सड़क का चौड़ीकरण होना हैक ऐसे मे पुरानी सड़क किनारे भारी संख्या मे आकर्षण व पर्यावरण के केन्द्र बने पेड़ न काटे जाये क इस सम्बन्ध मे यमुनापार विकास संघर्ष समिति एवं गंगा महासभा द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को जनभावनाओं से अवगत कराया जा चुका है, परन्तु अभी तक कोई आश्वासन न मिलने से लोगों मे आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी को लेकर आगामी 9 अक्टूबर को एक पदयात्रा का आयोजन डीपीएस स्कूल से नया पक्का घाट तक किया जाएगा जिससे जनता की आवाज शासन सत्ता तक पहुंच सके। उक्त जानकारी देते हुए यमुनापार विकास संघर्ष समिति के महासचिव गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि समिति सड़क चौड़ीकरण के खिलाफ नही है परन्तु चौड़ीकरण के नाम पर हर्बल मार्ग की सुन्दरता एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचाना कही से भी उचित नही है। श्री सिंह ने बताया कि इसी सम्बन्ध मे यमुनापार विकास संघर्ष समिति की हुई बैठक मे शासन को आगाह करते हुए सलाह दी गयी कि सड़क के किनारे पेड़ो को संरक्षित करने के लिए पेड वाली जगह को डिवाइडर के रूप मे प्रयोग कर लेना चाहिए। इससे पर्यावरण की सुरक्षा एवं मेला क्षेत्र का आकर्षण बना रहेगा। इसके साथ ही प्राकृतिक औषधि के रूप मे विकसित हर्बल मार्ग भी संरक्षित रहेगा। बैठक मे भगवती प्रसाद पाण्डेय, देवेंद्र तिवारी, आरके श्रीवास्तव, सुधाकर दुबे, शौभिक सरकार, नित्यानन्द वर्मा , अनिल मिश्रा, बच्चा विश्वकर्मा, जितेन्द्र सिंह, सुनीता दुबे, आशुतोष मिश्रा, रविन्द्र सिंह, सुभाष दुबे, सोमनाथ पाण्डेय, नरेन्द्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## मंदिर में चोरी का असफल प्रयास, मचा हड़कंप

**मेजा।** क्षेत्र में पुलिस की कम लेकिन चोरों की सक्रियता ज्यादा बढ़ गई है। क्षेत्र में चोरों द्वारा कहीं ना कहीं रोजाना चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है, जिससे लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। मेजा थाना क्षेत्र में चोरों की सक्रियता बढ़ गई है। बेखौफ चोरों द्वारा आए दिन चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है लेकिन पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं। बता दें बीती रात मेजारोड बाजार के पावर हाउस के समीप शिव मंदिर में चोरों ने ग्रिल काटकर चोरी का प्रयास किया लेकिन सफलता हाथ नहीं लग सकी। आसपास के लोगों के जगनहट के कारण चोर मौकाए वारदात से भाग खड़े हुए । सुबह जब मंदिर के पुजारी ने देखा तो हड़कंप मच गया । गनीमत रही की कोई भी सामान मंदिर से चोरी नहीं हो पाया। समाजसेवी डबल तिवारी ने मंदिर में चोरी की वारदात को लेकर नाराजगी व्यक्ति की है। उन्होंने कहा कि पुलिस गस्त नहीं कर रही जिसके चलते चोरों के हौसले बुलंद है। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर से मंदिर में सतचंडी महा यज्ञ तथा भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसे लेकर मंदिर की साज,सज्जा तथा लाइट साउंड इनवर्टर बैटरी की व्यवस्था कराई गई है उसी को लेकर चोर पहुंचे थे लेकिन असफल रहे।

# पत्रकार के साथ दिनदहाड़े हुई मारपीट एवं लूटपाट से पत्रकार संगठनों में अक्रोश

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** शैलून की दुकान से सेविंग करा कर खबर कवरेज करने जा रहे पत्रकार के साथ अज्ञात बदमाशो द्वारा दिन दहाड़े लूट पाट मारपीट एव हत्या करने की धमकी दिए जानें का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पत्रकार ने मेजा थाने में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही किए जानें की गुहार लगाई है। मेजा पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पत्रकार की निशानदेही पर एक को उठाकर पूंछ तांछ कर रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के परानीपुर गांव निवासी पत्रकार के के मिश्रा उर्फ राहुल बीते 24 सितंबर को लगभग 2 बजे दिन एक सैलून की दुकान से सेविंग करा रामनगर बाजार की ओर खबर कबरेज करने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वे गुलजार आरा मशीन के सामने पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ अज्ञात बदमाशो ने पत्रकार राहुल मिश्रा को रोक लिए और उनका मोबाइल छीनने की कोशिश करने लगे बताते हैं कि काफी प्रयास के बाद जब बदमाशो के हाथ मोबाइल नहीं लगी तो तीन चार की संख्या में बदमाशो ने पत्रकार के साथ गाली गलौज मारपीट करने लगे और इस दौरान पत्रकार राहुल मिश्रा के हाथ में पहनी हुई सोने की अंगुठी छीन कर भागने में सफल हो गये। प्रकरण के सम्बन्ध में पत्रकार राहुल मिश्रा द्वारा सोमवार को मेजा थाने दी गई तहरीर मे इस वात का स्पष्ट उल्लेख किया गया है बीते 18 सितंबर को उनके मोबाइल पर किसी अज्ञात बदमाश का फोन आया था, जिस पर पत्रकार द्वारा बात चीत करने पर संदिग्धता की स्थिति महसूस हुई जिस पर पत्रकार ने कोई विशेष ध्यान नहीं दिया था। हालाकि घटना के बाद पत्रकार राहुल मिश्रा काफी डरे सहमे और भयभीत हैं। फिल हाल इस सम्बन्ध में जब थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय से वार्ता की गई तो उन्होंने ने बताया कि कुछ संदिग्ध लोगो को उठाया गया है और मामले की जांच पडताल की जा रही है। मुख्य आरोपी की तलाश है।

# महाकुम्भ के पूर्व यमुना रीवर फ्रंट कॉरिडोर समय की जरूरत : डॉ. पाण्डेय

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज महाकुम्भ के पूर्व प्रयाग में दक्षिण वाहिनी मां यमुना के तट पर यमुना रीवर फ्रन्ट बनाया जाना समय की जरूरत है। इससे यमुना के किनारे स्थित महेवा, मडौका, मोहब्बतगंज, बसवार, पालपुर, अमिलिया, इरादतगंज सहित कई गांवों का सामान्य बाढ़ की स्थिति में बाढ़ के प्रभाव से बचाव होगा वहीं तट के अलंकरण के साथ-साथ अति पौराणिक स्थल सुजावन देव तक पर्यटकों को पहुंचने में काफी सुविधा होगी। यह बातें बुधवार को रामपुर स्थित लोकमंगल संस्थान में हुई जागृति मिशन की बैठक के दौरान मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि जमुना रिवर फ्रंट कई दृष्टिकोण से लाभदायक और सुविधाजनक रहेगा और इसके चलते मध्य प्रदेश से प्रयागराज जाने वाली मुख्य सड़क पर भी कुछ दूर तक वाहनों का दबाव कम होगा तथा बीकर और सुजावन देव मन्दिर सहित कई पुरातात्विक स्थलों तक लोग आसानी से पहुंच सकेंगे। डॉ.पांडेय ने बताया कि मिशन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी से मुलाकात करते हुए इसके निर्माण हेतु लिखित रूप से आग्रह किया है। मिशन के लोगों ने इसकी जरूरत पर बल देते हुए महाकुंभ के पूर्व यमुना कॉरिडोर बनाए जाने पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता ओम प्रकाश निषाद ने किया। इस मौके पर तीरथ राज पांडेय,भुगाई सिंह,संतोष मिश्रा, मनीष तिवारी,कमला शंकर त्रिपाठी, अशोक सिंह,अशोक विश्वकर्मा, शिवा शुक्ला,हर्ष निषाद,दिनेश पटेल, सुनील प्रजापति, पिंटू गुप्ता समेत मिशन के कई युवा कार्यकर्ता रहे।

# ग्राम समाज की जमीनों पर बड़े कास्तकारों का बज रहा डंका

अखंड भारत संदेश

**शिकायतों और हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद भी नहीं खाली हो रही करोड़ों अरबों की जमीनें**

**ग्राम प्रधानों के प्रस्तावों पत्रों आम जनों की आपत्ति पर भी राजस्व अधिकारी मौन, भू अतिचारियों और राजस्व के कुछ कर्मियों के असहयोग से भूमिहीन गरीब पट्टे नहीं पा रहे**

**कोरांव।** राजस्व विभाग की करोड़ों अरबों की ग्राम सभाओं में उपयुक्त बंजर नवीन परती नदी नाले नालियों,चकमार्गों, सार्वजनिक भू खंडों पर भू अतिचारियों का अनाधिकृत कब्जा कई सालों से बदस्तूर कायम है, किंतु शिकायतों और सीमांकन के बावजूद भी जमीनें खाली नहीं हो रही यही कारण है कि ग्राम सभा में बसे कोल, आदिवासी, मुशहर आदि भूमि आवास हीन गरीब लोगों के परिवार दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। उल्लेखनीय है कि कोरांव तहसील में प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्राम समाज की जमीनें बड़े कास्तकार अपने चकों में सम्मिलित कर के जोताई बोआई कर नाजायेज लाभ उठा रहे हैं। जिससे ग्राम समाज की अपूर्ण निय क्षति हो रही साथ ही बिना भूमि और खेती के अभाव में गरीब लोग भूमिहीन वर्ग दर दर की ठोकरें खाने को विवश हैं। इस संबंध में उच्च न्यायालय इलाहाबाद लखनऊ बेंच का एक आदेश भी पारित हो चुका है कि ग्राम समाज की जमीनों से अवैध कब्जे हटवाया जाए।किन्तु ग्राम समाज की जमीनों को कोई भी भू अतिचारी सरहंग खाली करने को राजी नहीं हैं। इतना तक कि ग्राम पंचायतों ने अपने प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग कर गरीबों को पट्टे देने को तैयार हैं तो प्रधानों के मंत्री लेखपाल स्वार्थ के अभाव में भू अतिचारियों के प्रलोभन प्रभाव दबाव में आ कर पट्टा करने के बजाय टाल मटोल कर रहे हैं।

### भू अतिचारी नहीं मानते ग्राम प्रधान और राजस्व विभाग की बात

उक्त तहसील में अक्सर देखा जा रहा है कि ग्राम समाज की नवीन परती बंजर,रास्ते,सड़क,चक्मार्ग,आदि की जमीनों को लेखपाल पुलिस बल द्वारा सीमांकन पथरगद्दी कराए जाने के बावजूद दुबारा कब्जा कर पत्थर गड्डी नष्ट करके फसल बो लिए हैं। उदाहरण के रूप में ग्राम सभा मडफा कला खुर्द में एसडीएम कोराव सुदामा वर्मा ने टीम के साथ जा कर चक मार्ग की जमीन खाली कराई थी किंतु सरंहग लोग उक्त चक मार्ग को पत्थर गड्डी तोड़ कर जोत बो लिए। इसी प्रकार ग्राम सभा अल्हवा में व्यापक पैमाने पर ग्राम समाज चकमार्ग, नदी नाले, बंजर, नवीन परती, रास्ते, खलिहान आदि सार्वजनिक भू खंडों पर बड़े कास्तकारों का अनाधिकृत कब्जा है। ग्राम प्रधान की मांग पर पारित आदेशों के क्रम में भी सरहग कब्जा छोड़ने को तैयार नहीं है। गत माह बीडीओ कोराव ने ग्राम प्रधान के अनुरोध पर एसडीएम कोरांव तहसीलदार ने कई रास्ते सड़क नवीन परती बंजर नाले की जमीनों की सीमांकन राजस्व पुलिस बल की टीम के साथ ग्राम प्रधान के आग्रह पर कराया,किंतु सरहग काश्तकारों ने सीमांकन नष्ट कर धान की रोपाई करा दी। उल्टा प्रधान को तरह तरह की धमकियां दी जा रही। चर्चा है कि कुछ ऐसे भी लेखपाल हैं जो लोकल निवासी हैं जिनकी रिस्तेदारियां हर गांव में है और अनाधिकृत कब्जा करने वाले लोग उन्ही के खास हैं या फिर किसी स्वार्थ के चलते लोकल राजनीति के कारण किसी गरीब मजदूर दलित पिछड़ों भूमिहीनों को पट्टा नहीं देना चाहते और न अतिचारियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्यवाही करना चाहते हैं। जिससे भूमि विवादों में वृद्धि हो रही है। जब हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन न हो रहा हो तो भूमिहीनों को सरकारी जमीनों से हटा कर उन्हे समाज की मुख्य धारा से जोडना सामाजिक कार्यकताओं जैसे ग्राम प्रधानों को नामुमकिन दिख रहा है। कई ग्राम के प्रधान तो अपने लेखपालों को फोन करते हैं तो उनका फोन ही नहीं उठाते। यदि किसी किसान या फरियादी ने कोई ऐसे लेखपालों को फोन किया तो तुरंत फोन उठा लेते हैं। वजह यह है कि प्रधान ग्राम सभा का कार्य कराएगा और किसान या भू अतिचारी सीधे फायदा प्रदान करेगा।

## न्यूज झरोखा

### भगवान गणपति की पूजा अर्चना किया पार्षद व अध्यक्ष ने



**नैनी।** नैनी शंकरढाल खुराना मार्केट में गणपति महोत्सव में पार्षद व अध्यक्ष राकेश जायसवाल व उनकी पत्नी आकांक्षा जायसवाल ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना किया लोगों को प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान भरी संख्या में भक्तजनों ने गणपति बप्पा मोरया का जयकारा लगाए इस अवसर पर पार्षद व अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए बताएं कि हिंदू धर्म में गणेश पूजा बहुत महत्वपूर्ण मानी गई है। गणेशोत्सव के 10 दिनों तक गणपति बप्पा की विधिवत पूजा अर्चना की जाती है। मान्यता है कि भगवान गणपति की पूजा अर्चना करने से दुखों से मुक्ति मिलती है और भक्त के संकट कट जाते हैं। समाजसेवी राजेश साहू , पप्पू कालिया सब्जी मंडी, अशोक केसरवानी पार्षद व अध्यक्ष राकेश जायसवाल,धर्मराज पटेल, गुड्डू गुडविल गैरेज, सनी गुप्ता, विजय केसरवानी,आकाश गुप्ता, विकास गुप्ता, शेखर गुप्ता, महावीर, विनोद केसरवानी, छोटू केसरवानी, रितेश गुप्ता अभय गुप्ता,भक्तगण मौजूद थे।

### शंकरगढ़ ब्लाक में एडीओ पंचायत की अध्यक्षता में पंचायत सहायक के यूनियन का चुनाव संपन्न

**गौरव को बनाया गया अध्यक्ष और शालू दुबेदी को बनाया गया उपाध्याय**




**लालापुर।** लालापुर ब्लॉक के शंकरगढ़ मे पंचायत चुनाव हुआ संपन्न जिसमे गौरव सिंह को अध्यक्ष, शालू दुवेदी को उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष अभालकार सिंह , महामंत्री राजबिहारी, सचिव नीता सिंह , एवं मीडिया प्रभारी पद पर सौरभ मिश्रा को निर्विरोध चुना गया। जिस पार मौके पर राजेंद्र मौर्य (पंचायत सचिव), विजयराज (पंचायत सचिव) गौरीशंकर (पंचायत सचिव) एवं देवदत्त त्रिपाठी, अतुल सिंह, सैलेश जायसवाल, अभिनव सिंह , आलोक सिंह , प्रियंका सिंह,सुसमा त्रिपाठी,और सभी सहायक मौजूद रहे।

### दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास



**मेजा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र मेजा में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउंसलिंग हुई ।कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं को विस्तार से बताया गया और कहा कि शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने पर विशेष प्रयास किया जाय। इस पर विशेष जोर दिया जाए। रोल मॉडल के रूप में रामफल बिंद एडवोकेट को माल्यार्पण करके उनको सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्पेशल एजुकेटर अजीत कुमार मिश्रा द्वारा किया गया ।इससे पूर्व कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी ,मंत्री हसीब सिद्दीकी द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई ।कार्यक्रम में लक्ष्मीकांत, विनय द्विवेदी ,संदीप कुमार का विशेष सहयोग रहा ।

### लालापुर मनकामेश्वर मंडल बूथ सशक्तिकरण के लिए हुई बैठक



**लालापुर।** मनकामेश्वर मंडल की बूथ सशक्तिकरण की बैठक जसरा विकास खण्ड के गोबरा तरहार ग्राम सचिवालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्षा बंदना सिंह ने मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक पाण्डे का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया सभी अतिथियों ने महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यकताओं से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि आप सभी भाजपा कार्यकर्ता उजार्वान हैं आप लोगों को ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है पर इतना जरूर कहूंगा कि आप लोग आज से ही अपने अपने बूथ सशक्तिकरण हेतु विना कुछ देर किए लग जाइए यदि बूथ मजबूत है तो फिर आगामी वर्ष में लोकसभा चुनाव में भाजपा को पुनः प्रचंड बहुमत हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा अगर भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता किसी कारण वश पार्टी कार्य के लिए समय नहीं दे रहा है और है वो भाजपा समर्थित है तो भी वो हम सब के लिए सम्माननीय है। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री शैलेन्द्र पाण्डेय ने किया। उपस्थित जनों में जिला प्रतिनिधि शंकरलाल पाण्डे, नंदलाल पाल,होरी लाल केसरवानी, सतीश शुक्ला, मंगला प्रसाद तिवारी, अतुल त्रिपाठी (रामू) कप्तान सिंह, तथा सभी शक्ती केन्द्र संयोजक व प्रभारी बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

### 5100 मीटर ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा की तैयारी जोरों पर



**जसरा।** जसरा में महापुरुषों के सम्मान में अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज सभा के तत्वावधान में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के शुभ अवसर पर ऐतिहासिक 5100 मी० की तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन होगा। बुधवार को पूर्व विधायक चायल संजय गुप्ता ने मेरी जान तिरंगा कार्यालय में जाकर कार्यक्रम का जायजा लिया। आयोजक श्री महाकाल फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद द्विवेदी व उनके सहयोगियों ने निवेदन करते हुए अधिक से अधिक लोगों के आने की अपील की। समाजसेवी दीपू पाठक ने समस्त क्षेत्र वासियों से निवेदन करते हुए कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि हम सब अपने वीरसपूतों के सम्मान में सदैव तत्पर अपने देशवासियों के दिलों में राष्ट्रीय प्रेम जगाने का एक छोटा सा प्रयास करें। अतुल गुप्ता ने अधिक से अधिक लोगों के आने का आग्रह किया। यह यात्रा 2 अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे से जसरा रेलवे फाटक के पास से बारा तहसील की ओर रवाना होगी।इस मौके पर बृजभान पटेल,विपिन पाण्डेय,सत्यम सिंह,शिवम श्रीवास्तव, प्रदीप पटेल,केपी,बिकास मिश्रा, रिषभ देव मिश्रा, आशीष द्विवेदी विराट, अविनाश भारतीय, सुतेश तिवारी समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### घर के सामने खड़ा डीजे का सामान चोरी ,चार नामजद

**मऊआइमा।** घर के सामने खड़ा किया गया डीजे का सारा सामान चोर चोरी कर ले गये। भुक्तभोगी ने चार को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारो आरोपीयो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के रसूल पुर गांव निवासी विमलेश कुमार पुत्र मुन्नी लाल का आरोप है कि वह अपने घर के सामने अपना डी जे मशीन खड़ा कर रखा था आरोप कि 24 सितम्बर को रात्रि लग भग एक बजे पवन कुमार,ननके गौतम,राहुल सरोज,पवन पटेल डी जे में लगा लैपटॉप व अन्य डीजे संबंधित लगभग दो लाख का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### बिना परमीशन के काटे गए कई हरे पीपल के पेड़

**मेजा रोड।** मांडा थाना क्षेत्र के सुरवा दलापुर का जहां पर पीपल के हरे पेड़ की कटाई बिना परमीशन के दबंगों द्वारा जबरन बिना परमीशन की कई हरे पीपल की पेड़ की कटाई की जा रही है। दीनानाथ पटेल और गांव के लोगो द्वारा मना करने पर भी गांव के ही दया शंकर पटेल पुत्र श्रीनाथ पटेल ने जबरन पेड़ को कटवा दिया ।इसकी सूचना 112 नंबर को एवम साथ में वन विभाग के बीट प्रभारी दिनेश शर्मा को दी गई ।मौके पर बीट प्रभारी और पुलिस के लोग पहुंचकर कटे हुए पेड़ को अपने कब्जे में ले लिया ।बताया जा रहा है की बहुत ही पुराना पौराणिक पेड़ था जो की पूरे गांव के लोग इस पेड़ के नीचे दीपक जलाते थे और पूजा पाठ किया करते थे ।पेड़ कट जाने से गांव के लोगों में बहुत ही आक्रोश देखा गया ।क्षेत्रीय बीट प्रभारी दिनेश शर्मा ने इसकी शिकायत मेजा वन विभाग उच्च अधिकारियों से की और कार्यवाही करवाने हेतु ग्रामीणों को आश्वासन भी दिया ।ग्राम प्रधान सत्यनारायण पटेल ने भी ग्रामीणों को कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया ।

# मण्डलायुक्त ने की एअर फोर्स डे-2023 की तैयारियों के सम्बंध में समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बुधवार को संगम सभागार में एअर फोर्स डे-2023 के अवसर पर आयोजित होने वाले एयर शो को सुव्यवस्थित एवं सकुशल ढंग से आयोजित किए जाने के सम्बंध में विभागवार तैयारीयों की समीक्षा बैठक की। एअर फोर्स डे-2023 का आयोजन 08 अक्टूबर, 2023 को प्रस्तावित है, जिसमें परेड एअरफोर्स, बमरौली के कमाण्ड सेंटर में तथा संगम तट पर एअर शो का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। एअर फोर्स डे को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए मण्डलायुक्त ने एअर फोर्स एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों से एअर फोर्स डे एवं पूर्व के दिवसों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी की बिंदुवार समीक्षा की। मण्डलायुक्त

**एअर फोर्स डे-2023 का आयोजन 08 अक्टूबर, 2023 को प्रस्तावित है, जिसमें परेड एअरफोर्स, बमरौली के कमाण्ड सेंटर में तथा संगम तट पर एअर शो का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है**



ने कार्यक्रम स्थल पर वीवीआईपी के बैठने की व्यवस्था, पीएस सिस्टम, कमेन्ट्री बाक्स, पार्किंग की व्यवस्था, संगम क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था, शौचालय, पीने के पानी, जल पुलिस, मेडिकल की व्यवस्था, बोट एम्बुलेंस, एम्बुलेंस, एम्बुलेंस में वॉयरलेस सिस्टम लगाये जाने, आपात कालीन चिकित्सा, ब्लड बैंक, कंट्रोल रूम बनाये जाने, रेफरल अस्पताल, कार्यक्रम के अवसर पर विद्युत आपूर्ति हेतु जनरेटर की व्यवस्था, एयरपोर्ट से संगम क्षेत्र तक सड़को की मरम्मत, डिवाइडर, फेंसिंग व विद्युत पोलों की पेंटिंग कराने तथा चैराहों पर लाइटिंग की अच्छी व्यवस्था, रेफलेक्टर लगाये जाने, अग्निशमन से सम्बंधित व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है।

मण्डलायुक्त ने संगम क्षेत्र एवं आस-पास में लगे हुए टावरों, यमुना ब्रिज, हाईराइज बिल्डिंग पर वार्निंग लाइट एवं बिजली के तारों पर लोकेटर बॉल लगाये जाने की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नगर निगम को साफ-सफाई, मोबाइल टॉयलेट, पेयजल सहित अन्य कार्यों हेतु व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने संगम क्षेत्र में ड्रोन व पतंग उड़ाने व लेजर लाइट के इस्तेमाल को प्रतिबंधित किए जाने एवं बर्ड कंट्रोल के लिए कूड़ा भण्डारों की साफ-सफाई कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर प्रभारी जिलाधिकारी गौरव कुमार ने मण्डलायुक्त को एयर फोर्स डे के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद चौहान, सेना एवं वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारीगण, डीसीपी दीपक भूकर, एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, एडीएम नगर मदन कुमार, एडीएम मेला दयानंद सहित जिला प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सड़क हादसे में घायल

**साथ में चल रही स्काट गाडी के सामने वाइक सवार को बचाने में अचानक ब्रेक लगाने से काफीले की गाड़ियां आपस में भीड़ गयी**




अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना क्षेत्र के कचरी गांव के सामने मिजार्पुर प्रयागराज हाईवे पर बुधवार को एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जहां कैबिनेट मंत्री का काफिला आपस में टकराने से फॉर्च्यूनर कार पर बैठे कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल जख्मी हो गए। जानकारी के मुताबिक आशीष पटेल बुधवार दोपहर 12:30 बजे के करीब प्रयागराज से मिजार्पुर के लिए रवाना हुए थे। अभी कचरी गांव के सामने पहुंचे थे उसी दरमियान काफिले के सामने से बाइक चालक सड़क पार करने का प्रयास कर रहा था। जिसे देख काफिले के आगे चल रहा स्कॉर्ट वाहन चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे कैबिनेट मंत्री का फॉर्च्यूनर कार अनियंत्रित होकर स्कॉर्ट गाड़ी के पीछे की ओर भीड़ गया। हादसे में कैबिनेट मंत्री के हाथ व पांव में मामूली चोटे आई हैं। घटना होने के 5 मिनट ठहरने के बाद कैबिनेट मंत्री पुनः दूसरी गाड़ी पर सवार होकर मिजार्पुर के लिए रवाना हो गए। सूचना होते ही राष्ट्रीय राज्यमार्ग अपना दल एस के कार्यकर्ता व इलाकाई पुलिस छावनी में तब्दील हो गया।

# 154 घंटे महासफाई अभियान के आदेश में झूंसी को बनाया स्वच्छ

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज द्वारा बुधवार को नगर विकास मंत्री द्वारा 26 सितम्बर को 154-घंटे,महासफाई अभियान के आदेश अनुपालन में जोन-8 झूसी क्षेत्र के अंतर्गत झूसी कोहना आवास विकास बीएसएनल ऑफिस के बगल (जीवीजी) गार्बेज वर्नेबल पॉइंट आज पूर्णता खत्म कर दिया गया है साथ ही नेहरू नगर, पंजाबी कॉलोनी गुरु नानक पार्क के आस-पास सफाई अभियान कराया गया चुनाव वार्ड 87 मीरापुर वार्ड में विशेष सफाई कार्य कराया गया। लायंस की आ.ई.सी् टीम के माध्यम से रंगोली बनाकर संदेश दिया गया कि डीटीडीसी गाड़ी को को ही अलग-अलग डस्टबिन में कूड़ा देना सुनिश्चित करे मौके पर ही माननीय क्षेत्रीय पार्षद अनिल कुमार यादव, अखिलेश त्रिपाठी जी सहायक नगर आयुक्त महोदय /जोनल अधिकारी महोदय जोन-8, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह जी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक देवपाल सिंह, एवं लाइंस एजेंसी के इंचार्ज श्री विजय त्रिपाठी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## जमीनी विवाद में वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या, मचा हड़कंप

**मेजा।** क्षेत्र के जमुआ गांव में दो परिवारों में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में वृद्ध की ईंट पत्थर से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया गया।मृतक के बड़े भाई लालमनि उसे जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना बुधवार की दोपहर बाद की है। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना कोतवाली क्षेत्र के जमुआ गांव में बुधवार को दोपहर बाद घर के पास रास्ते के विवाद को लेकर दो परिवारों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष के लालचन्द्र दुबे, बबलू दुबे व एक महिला को चोटें आई हैं। जिसमें लालचन्द्र के सिर में चोटें आईं जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके बड़ा भाई उन्हें अस्पताल लेकर भागे तबतक रास्ते में लालचन्द्र की मौत हो गई। जिससे हड़कंप मच गया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मेजा राजेश उपाध्याय मय फोर्स पंहुचकर छानबीन में जुट गए। मृतक लालचन्द्र अविवाहित है।बड़े भाई लालमनि के साथ रहता है। परिवार की महिलाओं ने बताया कि रास्ते के विवाद में पड़ोस के ही बंटी दुबे, बब्बू दुबे व आलोक दुबे से कहासुनी हुई थी। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और विपक्षी लोग ईंट पत्थर व लाठी डंडों से लालचन्द्र को पीटकर लहूलुहान कर दिया। जहां जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई।

# भू-माफिया गणेश यादव पर अब पीडीए ने की कार्रवाई, चला बुल्डोजर

**चार दिन पहले पुलिस ने गणेश यादव को जेल भेजा है**

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण में बुधवार को चिन्हित भूमाफिया हिस्ट्रीशीटर गणेश यादव के कनिहार नरहरपुर में की गई सात बीघे अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। चार दिन पहले झूंसी पुलिस ने गणेश यादव को रंगदारी व धमकी देने के मामले में जेल भेजा है। दो साल पहले पीडीए ने गणेश यादव के हवेलिया स्थित मकान व जीटी रोड किनारे बनी बहु मंजिली मार्केट पर बुल्डोजर चलाया था। अब उसके द्वारा की गई अवैध प्लाटिंग पर पीडीए का बुल्डोजर चला है। जानकारी देते हुए पीडीए के अवर अभियंता बीएन सिंह ने बताया कि गणेश यादव के साथ



कमल्दीपुर मे बबलू यादव द्वारा 10 बीघे में की गई अवैध प्लाटिंग व कनिहार में बब्बे मिश्रा, पंकज मिश्रा व शिवेंद्र भारतीय द्वारा तीन बीघे में की गई अवैध प्लाटिंग पर भी कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि सभी के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी। कार्रवाई के दौरान जोनल अधिकारी व पीडीए की प्रवर्तन दल टीम मौजूद रही।



## यूसुफपुर जिल्ला में शिक्षा चौपाल कार्यक्रम हुआ संपन्न

**सोरांव।** बुधवार को प्राथमिक विद्यालय यूसुफपुर जिल्ला में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम सभा के प्रधान तथा एआरपी पंकज त्रिपाठी एवं शशिकांत मिश्र तथा प्राथमिक विद्यालय यूसुफपुर जिल्ला प्रधानाध्यापिका मंजरी मिश्रा व माधुरी सिंह, स्मिता सिंह, मिथिलेश, सतीशचंद्र एवम अजय सिंह तथा विद्यालय एसएमसी अध्यक्ष, एवम सदस्यों के साथ गाँव के सभी सम्मानित अभिभावक के उपस्थिति में शिक्षा चौपाल कार्यक्रम किया गया। शिक्षा चौपाल की शुरूआत सरस्वती पूजन से किया गया। वहीं आए हुए अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। बच्चों द्वारा कवितायें, कहानी तथा स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया। एआरपी पंकज त्रिपाठी द्वारा शिक्षा चौपाल में निपुण भारत तथा डी बी टी कायाकल्प के बारे में बताया गया। तथा ए आर पी शशिकांत मिश्र द्वारा निपुण भारत मिशन व बच्चों को अच्छा माहौल कैसे दें, जीवन को सहज कैसे बनाये आदि के बारे में आये हुए गांव के सम्मानित अतिथियों व अभिभावकगणों को विस्तार से बताया। साथ ही निपुण भारत से संबंधित डिजिटल एप्प के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। तथा बच्चों को उनके विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरुस्कार भी दिया गया। अंत में प्रधानाध्यापिका द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## ग्रामीणों को डिजिटल लेन देन को बढ़ावा देन लिए बी सी समूह सखिओं की एनआरएलएम ने की बैठक

**मेजा।** मेजा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत चपरतला में एनआरएलएम के द्वारा बी सी सखी गुलाबकली द्वारा गांव के महिलाओं को ग्राम पंचायत अस्तर पर डिजिटल लेनदेन की बढ़ावा देने को लेकर एक बैठक बुलाई गई जिसमे समूह के महिलाओं को समूह सखी नीलम और बी सी गुलबकली द्वारा बैंक ऑफ बडौदा में अपना खाता खुलवाएं और लाभ उठाएं महिलाओं को बैंकिंग डिजिटल सेवाएं और लाभ के बारे में महिलाओं को जागरूक किया गया जैसे बैंकिंग एवं अन्य वित्तीय सेवाएं पैसा जमा निकासी पैसा ट्रांसफर बीमा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना अटल पेंशन योजना प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना अनुदान भुगतान और सुकन्या खाता खुलवाएं और बैंकिंग लेनदेन में सहयोग करें मुख्य रूप से समूह की महिलाएं अनीता देवी संध्या कुशवाहा आरती द्विवेदी रेखा देवी सुमन देवी आदि महिलाएं उपस्थित रहे।

# गांधी जी की जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की प्रभारी जिलाधिकारी ने की तैयारियों की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रभारी जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में संगम सभागार में बुधवार को महात्मा गांधी की जयंती 02 अक्टूबर, 2023 के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी ने नगर निगम को नगर क्षेत्र में मूर्तियों की साफ-सफाई, नगर की साफ-सफाई कराये जाने के लिए कहा है। सभी ग्राम पंचायतों में डीपीआरओ को साफ-सफाई कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। सभी सरकारी/ अर्द्धसरकारी कार्यालयों एवं संस्थानों में राष्ट्रध्वज फहराया जायेगा तथा राष्ट्रगान गाया जायेगा। इसके साथ ही कार्यालयों में चित्र पर माल्यार्पण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कार्यालयों में साफ-सफाई एवं फाइलों के रख-रखाव का कार्य 02



अक्टूबर के पूर्व ठीक से कराये जाने के लिए कहा है। विद्यालयों में महात्मा गांधी जी के विचार दर्शन एवं जीवन परिचय पर आधारित निबंध कला, भाषण प्रतियोगिता, तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं चित्रकला का आयोजन किया जायेगा। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी द्वारा चन्द्रशेखर आजाद पार्क गेट नं0-3 से क्रास कंट्री रेस(बालक एवं बालिका) का आयोजन किया जायेगा तथा जिला अपराध निरोधक समिति द्वारा यातायात जागरूकता अभियान व सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही मलिन बस्ती के आस-पास व नदियों के किनारे विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर नगर आयुक्त अरविंद राय, सिविल डिफेंस, जिला अपराध निरोधक के प्रतिनिधिगणों सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अपहरण के दो आरोपियों समेत तीन वांछित गिरफ्तार,भेजे गए जेल

**कोरांव।** कोराव पुलिस ने क्षेत्र में बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर चलाए गए अभियान के तहत अपहरण के दो नफर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार वांछित अभियुक्तों में राहुल कुंवर प्रसाद व राजू कुवर प्रसाद पुत्रगण कृष्ण प्रसाद निवासीगण बहादुर शाह नगर, नगर पंचायत कोरांव थाना कोराव शामिल हैं। उक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक प्रदीप कुमार अस्थाना कांस्टेबल मोहन कुमार शामिल रहे। इसी क्रम में एक अन्य वांछित अपराधी की भी पुलिस ने गिरफ्तारी करते हुए विधिक कार्रवाइ की है। गिरफ्तार अभियुक्त यज्ञ नाथ पुत्र हरिनाथ निवासी ग्राम देवघाट पूरा कोलडीहवा थाना कोरांव को पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की है। उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष विनोद कुमार, कांस्टेबल ललित यादव, कांस्टेबल बजरंग बहादुर शामिल रहे। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा है कि अपराधों को रोकने के लिए वांछित अभियुक्तों के गिरफ्तारी का अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जितने भी वांछित आरोपी होंगे उन्हें गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पुराने यमुनापुल के नीचे से शातिर बाइक चोर गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में पुराने यमुनापुल के नीचे से पुलिस टीम ने चोरी की पांच मोटरसाइकिल के साथ तीन शातिर चोरों को गिरफ़्तार किया है। इंस्पेक्टर नैनी यशपाल सिंह ने बताया की उपनिरीक्षक उमाशंकर सिंह, सुरेंद्र सिंह, जनमेजय कुमार व सर्वेश कुमार की टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल बेचने के फि राक में खड़े तीन शातिर चोर ऋतुराज कुशवाह निवासी रतेवरा थाना कोराँव, कोमल पाल व सागर सिंह चौहान लेडियारी थाना खीरी को पुराने यमुनापुल के नीचे से गिरफ़्तार किया है। उनके पास से अलग अलग थाना क्षेत्र से चोरी की गई पांच मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

# स्वच्छता के लिए जन भागीदारी बहुत जरूरी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के तहत सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज द्वारा आज श्री हीरा लाल पटेल इण्टर कालेज पचदेवरा अटरामपुर में स्वछता ही सेवा विषय पर गोष्ठी, व्याख्यान, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, और श्रमदान किया गया तथा स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत कालेज की छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाल कर किया गया गया। रैली को ग्राम प्रधान मधुरेन्द्र कुमार यादव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं और अध्यापक गण बैनर और तख्तियां लेकर भारत सरकार का इरादा, सम्पूर्ण स्वच्छता का वादाह्व जैसे जागरूकता वाले नारे

**स्वच्छता ही सेवा पर भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन**





लगाते हुए चल रहे थे। रैली के पश्चात स्वच्छता श्रमदान किया गया तथा कालेज परिसर को स्वच्छ व साफ सुथरा बनाया गया। ग्राम प्रधान मधुरेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि स्वच्छता में सहयोग करके राष्ट्र के विकास में अपनी भागीदारी हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि खाना खाने से पहले और बाद में तथा शौच के बाद हाथों को यदि सही तरीके से धोया जाय तो पेट की अधिकतर बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के इस पुनीत कार्य में हम सबको सहयोग करना चाहिए जिससे हमारा गांव, प्रदेश व देश स्वच्छ हो सके। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कालेज के प्रधानाचार्य राज कुमार पटेल ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है जिसका पालन करने से भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वयं की स्वच्छता से स्वास्थ्य तथा सामाजिक स्वच्छता से देश का विकास किया जा सकता है।

इस अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज के कार्यक्रम प्रभारी राम मूरत ने कार्यक्रम के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता के लिए जन भागीदारी बहुत जरूरी है। हम सभी को मिलकर स्वच्छ भारत अभियान को गति देनी होगी। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता ही सेवा पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें लगभग 20 छात्र-छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किये तथा स्वच्छता विषय पर राम मूरत द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन किया गया। भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के कुल 10 विजयी प्रतिभागियों जैसे मुस्कान साहू, रिशा सरोज, आकांक्षा यादव, स्वेक्षा पटेल, तनू केसरवानी, स्वेता पटेल, शिवानी मौर्य, आकाश विश्वकर्मा आदि को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार व प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कालेज की प्रबन्धक सीमा पटेल, वृजेन्द्र यादव, वीरेन्द्र सिंह पटेल, पूर्व बीडीसी लालजी पटेल, नेहरू युवा केन्द्र के कुलदीप मिश्र, शंकर लाल श्रीवास्तव व ओमप्रकाश विश्वकर्मा आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय मालवीय सभा प्रयाग का बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय मालवीय सभा प्रयाग की बैठक भारतीय भवन स्थित सभा के कार्यालय में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष अशोक मालवीय ने की। इस बैठक में यह मांग उठी की महामना मालवीय जी का जन्म स्थान को स्मारक घोषित किया जाए एवं कॉरिडोर बनाया जाए एवं एक भव्य द्वार सरकार द्वारा बनवाया जाए जिससे कि आने वाले कुंभ में पर्यटकों को सुविधा हो सके यह स्थान पर्यटन के क्षेत्र से बहुत उपयुक्त होगा।जैसा कि आपको ज्ञात है कि भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के द्वारा राष्ट्र एवं समाज के प्रति किए गए अतुलनीय कार्य एवं समाज के प्रति समर्पण तथा देश की स्वतंत्रता में उनके अभूतपूर्व योगदान को देखते हुए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा महामना जी को भारत रत्न की उपाधि से अलंकृत किया



गया है। अशोक मालवीय ने कहा कि, हम प्रयागवासियों के लिए यह गौरव की बात है की ऐसी महान विभूति ने प्रयाग की धरती पर जन्म लिया है । महामना जी ने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी की स्थापना के अतिरिक्त मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के लिए आंदोलन प्रारंभ किया, गंगा की पवित्रता को बनाए रखने के लिए बड़ा संघर्ष किया है। महामना जी के द्वारा प्रयाग में अनेक महत्वपूर्ण संस्थाओं को स्थापित किया गया है। इस बैठक में लिए गए निर्णय के विषय में जानकारी देते हुए सभा के प्रिंट मीडिया प्रभारी गोपालजी मालवीय ने बताया कि बैठक में महामना मालवीय जी का जन्म स्थान को स्मारक घोषित करने एवं इस स्थान पर कॉरिडोर बनाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ को प्रत्यावेदन देने का निर्णय लिया गया। शीघ्र ही इस संबंध में मुख्यमंत्री जी को विषय में प्रत्यावेदन बना कर भेजा जाएगा।

# डम्फर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर हुई दर्दनाक मौत, कोहराम

## डम्फर ट्रक छोड़कर चालक हुआ फरार, ट्रक पुलिस के कब्जे में

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के लवाना भवानीगंज चैराहे पर मंगलवार की शाम पीछे से आ रही डम्फर ट्रक ने बाईक सवार को टक्कर मार दिया जिससे ट्रक के टायर की चपेट मे आने से मौके पर मौत हो गई।

घटना के बारे में बताया जाता है कि सजनलाल उर्फ. पुतान पुत्र राजाराम विश्वकर्मा (40) वर्षीय निवासी चांद का पुरवा पिथनपुर थाना संग्रामगढ़ पारस नाथ पटेल महुवा रोकईयापुर निवासी पारसनाथ पटेल के साथ पिथनपुर से सलवन (यू पी 72 डी 4235) स्पेलडर प्लस से जा रहे थे कि नवाबगंज थाना के लवाना भवानीगंज चैकी के निकट पीछे से स्पीड से आ रही डम्फर ट्रक (यू पी एफ टी 9230) ने बाईक को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाईक मे पीछे बैठे सजनलाल उर्फ.पुतान पुत्र राजाराम विश्वकर्मा की ट्रक की टायर के नीचे चले जाने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मौके का फायदा देखकर डम्फर चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी अपने स्टॉफ के साथ घटना स्थल पर पहुँचे और लवाना चैकी इंचार्ज दीपक कुमार मौर्य के साथ शव की लिखा पढ़ी करके कोतवाली ले गये जहां शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और ट्रक को कब्जे में ले लिया। उधर मृतक के परिजनों को घटना की खबर मिलते ही कोहराम मच गया।

बाईक चला रहे पारसनाथ को स्थानीय नर्सिंग मे भर्ती किया जो खतरे से बाहर है। ग्राम प्रधान गेंदलाल मृतक के परिजनों को साथ लेकर घटना स्थल पर पहुँचे शव देख परिजनों मे चीख पुकार मच गई। घटना की तहरीर मृतक के परिजन रामबदन विश्कर्मा पुत्र बाबूलाल विश्कर्मा निवासी पिथनपुर ने नवाबगंज पुलिस को अज्ञात डम्फर ट्रक चालक के खिलाफ दी है।

## ट्रेन से कटकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक के परियावां कालाकांकर रेलवे स्टेशन के पश्चिम छिंदौरा केबिन के आगे अली का ताल गाव के पांच सौ मीटर आगे बुधवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर शव मिलने से हड़कम्प मच गया सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी, जिसकी पहचान राम सेवक सरोज पुत्र स्व0 देवराज सरोज (30) वर्षीय निवासी कोराली गांव के रूप में हुई। घटना के बारे में पारवारिक कलेश बताया जा रहा जो मंगलवार की रात घर में कलह कलेश से तंग आकर रात लगभग एक बजे घर से निकल गया जिसका शव बुधवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर मिला किस ट्रेन से कटा है इसका पता नही चल सका। घटना स्थल ऊंचाहार थाना क्षेत्र होने के कारण पुलिस शव की लिखा पढ़ी करके पी एम के भेजा घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताया जाता है मृतक राम सेवक सरोज के पिता देवराज सरोज की 3साल पहले ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी जिसको रेलवे क्लेम मे 5 लाख रुपया मिला था उसी पैसे को लेकर मां व भाई से कलह कलेश मचा रहता था जिससे तंग आकर रामसेवक की पत्नी अपने 3-4 माह की बच्ची को लेकर 10-15 पहले अपने मायके चली गई और पति की ट्रेन से कटकर मौत की खबर मिलते ही बेसुध हो गई। किसी तरह घर के परिजन लोग पति के शव के पास ले गये। पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है।

# आखिर मां क्या था मेरा कसूर जो दी मुझे सजा?

## झाड़ी में पड़ी मिली नवजात को गैरों का सहारा, मां की ममता को किया कलंकित

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आखिर मां मेरा क्या था कसूर जो दी मुझे सजा? मां की ममता पाने को झाड़ी में तड़प रही नवजात को गैरो ने इलाज के लिए ट्रामा सेंटरर पहुंचाया, लेकिन हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां से प्रयागराज रेफर कर दिया जहां उसकी मौत हो गई।

लालगंज कोतवाली इलाके में लालगंज घुइसरनाथ रोड पर बीते मंगलवार की देर रात एक पेट्रोल पम्प के पास नवजात बच्ची झाड़ियों में फेंकी देखी गयी। बच्ची को झाडियों में देख पेट्रोल पम्प पर मौजूद कर्मियों की नजर पड़ी तो लोग आवाक रह गये। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस नवजात को प्रारम्भिक देखभाल के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आयी। यहां बच्ची की दशा पैरामेडिकल स्टाफ को नाजुक लगी तो उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में गंभीर हालत में नवजात को प्रयागराज मेडिकल कालेज भेजवाया गया।

बेसहारा को मां की ममता ने ठुकराया तो ऊपर वाले का भी सहारा नसीब नही हुआ और वह मासूमियत की मौत मारी गयी। नवजात के मिलने की चर्चा बुधवार को भी इलाके में हर जुबान पर छायी दिखी। लोगों के जहन में यह सवाल भी कौंधा कि आखिर कलिकाल में इस तरह से मासूमियत का कैसे गला घोटा जा रहा है। सरकार बेटी बचाओं की जागरूकता का मिशन चला रही है। बावजूद इसके सामाजिक ढांचे में अभी भी पाप की गठरी का बोझ कम नही हो पा रहा है। नवजात की रह रह कर सुगबुगाहट मानो यह सवाल भी खुद कर रही हो कि आखिर क्यूं और काहे वह जिसकी गोद को हरी भरी करने आयी थी उसने ही उसके जीवन की राह को मौत की तरफ मोड़ दिया।

## पोल से टकराया ट्रक, बीसों गांवों की बिजली हुई गुल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अनियंत्रित ट्रक के पोल से टकरा जाने से दो दर्जन से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति बुधवार की सुबह बाधित हो उठी। लालगंज कोतवाली के लालगंज कालाकांकर मार्ग पर रामपुर बावली बाजार में एक अनियंत्रित कंटेनर एचटी लाइन के पोल से टकरा गया। कंटेनर के टकराने से आधा दर्जन पोल टूट गये। इसके चलते पोल पर लगे विद्युत तार भी नीचे आ गये। गनीमत थी कि घटना सुबह चार बजे हुई। इस वजह से बाजार में बडी दुर्घटना बाल बाल बची। सूचना मिलने पर लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में ले लिया। ट्रक को रामपुर में विद्युत उपकेन्द्र के सामने पुलिस ने खड़ा करा दिया। वहीं चालक को हिरासत में लेकर पुलिस लालगंज ले आयी। ट्रक के पोल मे टकराने से रामपुर बावली, पूरे शिवावैश्य, पूरे जोधा, प्रतापपुर, अनेहरा, कटरा सेवकराय आदि बीसों गांवो की विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी है। इस बाबत अवर अभियंता शीलवंत सिंह का कहना है कि लाइन दुरूस्त की जा रही है, शाम तक आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद है।

## रामचंद्र और मां जानकी के विवाह का रोचक ढंग से किया वर्णन

### काशी प्रांत के प्रमुख सहित नगर के संभ्रात लोग रहे मौजूद

अखंड भारत संदेश



दिलीप कृष्ण भारद्वाज का स्वागत करते काशी प्रांत प्रचारक रमेश।

**प्रतापगढ़।** सेवा भारती द्वारा आयोजित श्री राम कथा नित्य निरंतर नवीन उच्चता को प्राप्त कर रही है। आज व्यास पीठ से पूज्य दिलीप कृष्ण भारद्वाज ने भगवान श्री रामचंद्र और माँ जानकी के विवाह का रोचक प्रसंग बड़े ही सुंदर तरीके से रखा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश ने पूज्य दिलीप कृष्ण भारद्वाज को अंग वस्तावरण भेंट कर सम्मानित किया। कथा के प्रेरणा श्रोत प्रांत प्रचारक रमेश ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने 350 वर्ष पूर्व हिंदवी स्वराज्य की स्थापना की थी। उसी के क्रम में 21 नवंबर से 26 नवंबर तक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में जाणता राजा नाट्य मंचन का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने अपने शौर्य, कौशल और साहस के बल पर मुगल साम्राज्य को चुनौती देते हुए हिंदवी स्वराज की स्थापना की। इस अवसर पर कथा को आगे बढ़ाते हुए दिलीप कृष्ण भारद्वाज महाराज ने श्री रामचंद्र के विवाह के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। संचालन संयोजक डॉ सौरभ पांडेय ने किया। आज की कथा में प्रांत प्रचारक प्रमुख रामचंद्र, विभाग प्रचारक प्रवेश, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, चिंतामणि द्विवेदी, हरिओम मिश्रा, ओम प्रकाश त्रिपाठी, भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मनोज ब्रह्मचारी, श्याम लाल खण्डेलवाल, ओम प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व मंत्री बृजेश शर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा आशीष, नीतेश खंडेलवाल, गिरिजा शंकर मिश्र, प्रह्लाद खंडेलवाल, आशीष जायसवाल, सुनील दुबे, ईश्वर चंद जैन, आर पी सिंह, ज्योतिषाचार्य आलोक मिश्र, सौरभ पाण्डेय, राजेश सिंह, गोविंद खण्डेलवाल, शिशिर खरे, अमित शुक्ल, एस के शर्मा, धर्म प्रकाश पाण्डेय, राजेश्वर उपाध्याय, डॉ कामायनी उपाध्याय, जय कन्या शुक्ला, प्रतिमा शुक्ला, मधुलिका, अनंत, प्रतीक, शरद केसरवानी, रतन चंद जैन, जवाहर लाल मिश्र, राम तीरथ मिश्र, राजेश मिश्र, सुधीर पाण्डेय, दिनेश अग्रहरि, शकुंतला, उमा खंडेलवाल, सुधा, सुमन, संगीता खण्डेलवाल इत्यादि उपस्थित रहे।



स्वच्छता अभियान में शामिल एनएसएस के छात्रगण ।

## डिग्री कालेज कालाकांकर में मनाया गया स्वच्छता कार्यक्रम


अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मदन मोहन मालवीय पोस्ट ग्रेजुएट कालेज कालाकांकर में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम मनाया गया जिसमे महाविद्यालय के एन एस एस के छात्र छात्राओं द्वारा स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर एवं आस पास के स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शिवम् श्रीवास्तव द्वारा छात्र छात्राओं को अपने आस पास के स्थानों को स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में एन-एस एस समन्वयक डॉ डाल चंद आनंद एवं भूपेश सिंह के निर्देशन में संपादित हुआ। इस मौके पर प्रो रामकरन, प्रो सूर्यभान सिंह, भूपेश सिंह, प्रो इंदू रेखा सिंह, अब्दुल रज्जाक, अफसार अहमद, शिव भूषण गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## सामूहिक ध्यान साधना व दीपदान आज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भद्र पूर्णिमा पर भारत की महान विद्या विपश्यना ध्यान साधना को पूरे विश्व मे स्थापित करने वाले पूज्य गुरु सत्य नारायण गोयनका की 10वीं पावन स्मृति में जनपद में सुगतानन्द बुद्ध विहार पर आचार्यों, साधकों के सानिध्य में सामूहिक ध्यान साधना व दीपदान का आयोजन गुरुवार की शाम 5 बजे से आयोजित किया गया है।



नगर पालिका द्वारा पकडे.गये छुट्टा पशु।

## दो दिनों में नगर पालिका ने पकडे.59 छुट्टा पशु

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका छुट्टा पशुओं के विरुद्ध अभियान चलाकर उनकी धरपकड़ कर रही है। पिछले दो दिनों मंगलवार व बुधवार को पूरे केशवराय क्षेत्र में 59 छुट्टा पशु पकडे.गये। इनमें 32 छुट्टा पशु आज तथा 27 छुट्टा पशु कल मंगलवार को पकडे. गये थे। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व ईओ राम अचल कुरील के निर्देश पर नगर पालिका छुट्टा पशुओं की धरपकड़ करती रहेगी। बता दें कि शहर के मुख्य चैराहों व गली-कूचों में छुट्टा पशुओं की भरमार देखने को मिलती है, जिससे आवागमन प्रभावित होता है। अब नगर पालिका इनके विरुद्ध अपने रोड गैंग को उतारकर धरपकड़ कर रही है।

## प्रतापगढ़ के कांग्रेसियों ने अमेठी सीएमओ कार्यालय के समक्ष दिया धरना

### अमेठी के संजय गांधी अस्पताल की सदस्यता समाप्त के विरोध में शामिल हुए बेल्हा के कांग्रेसी

अखंड भारत संदेश



अमेठी के सीएमओ कार्यालय पर धरना देते बेल्हा के कांग्रेसी।

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर अमेठी जनपद के सीएमओ कार्यालय पर तीन दिन चल रहे धरने में प्रतापगढ़ से दर्जनों कांग्रेसी शामिल हुए। बता दें कि अमेठी स्थित संजय गांधी अस्पताल की सदस्यता उत्तर प्रदेश सरकार के इशारे पर सीएमओ द्वारा समाप्त कर दी गई है जिससे अमेठी सहित आसपास के जनपदों की गरीब जनता के इलाज में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इस अस्पताल की मान्यता बहाल करने के संबंध में अमेठी के कांग्रेसी जनों द्वारा सीएमओ कार्यालय के समक्ष विगत कई दिनों से धरना दिया जा रहा है। संजय गांधी अस्पताल के रजिस्ट्रेशन कैंसिल किए जाने को लेकर अमेठी के आम नागरिकों में गुस्सा है।

यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि अमेठी सहित आसपास के जनपदों के लाखों लोगों को बेहतर एवं सस्ता इलाज देने वाला संजय गाँधी अस्पताल को अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने नफरत के कारण बंद करा दिया। अमेठी की जनता एवम कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा सीएमओ ऑफिस में तीन दिन से ही अनिश्चितकालीन सत्याग्रह चल रहा। आज सत्याग्रह के तीसरे दिन सपा, बसपा, आम आदमी पार्टी सहित विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों ने अपना समर्थन दिया।

पी सी सी सदस्य डॉ.प्रशांत देव शुक्ला ने कहा कि संजय गाँधी अस्पताल के डॉक्टर एवं कर्मचारियों के द्वारा भी अस्पताल गेट पर अनशन शुरू कर दिया गया है, अमेठी की जनता कि सिर्फ एक मांग है कि जनहित में जल्द से जल्द संजय गाँधी अस्पताल को चालू किया जाए। अमेठी सत्याग्रह में प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, रायबरेली, लखनऊ के कांग्रेस पदाधिकारी एवम कार्यकत्रा, कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, कार्यालय प्रभारी/कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष करुण पांडेय, विश्वास सिंह, कुंडा कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी योगेश यादव, हरिश चन्द्र सरोज, दिलशाद सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## हिन्दी दिवस पखवारे के अन्तर्गत सृजना की सरस काव्य संगोष्ठी संपन्न

### कवियों ने विविध विधाओं की रचनाएं पढ़कर श्रोताओं को गुदगुदाया

अखंड भारत संदेश



कचहरी परिसर में काव्य संगोष्ठी करते कवि

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा हिन्दी दिवस पखवारे में हिंदी के संवर्धन के लिए सरस काव्य संगोष्ठी का आयोजन कचेहरी में किया गया। कवियों ने विविध विधाओं की रचनाएं पढ़कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। वंदना का गायन युवा कवि मनीष राय ने किया। अध्यक्षता करते हुए पूर्व बाल न्यायाधीश एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि हिन्दी वैश्विक भाषा बन चुकी है। इसके अधिकतम विकास के लिए इसे अधिक से अधिक बोलना, लिखना व पढ़ना चाहिए। मुख्य अतिथि के रूप में विद्वान विधिवेत्ता पं. रुद्रनारायण मिश्र ने कहा कि हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया जाना चाहिए। देश की एकता और अखंडता को बढ़ाने में यह सहायक होगी। संचालन युवा कवि अजय गुप्ता ने किया। हिन्दी के उन्नयन के लिए सारगर्भित विचार देने वालों में अधिवक्ता विष्णु नारायण मिश्र, राम अवध मौर्य, पूर्व शिक्षाधिकारी विनोद पाण्डेय, वैभव पाण्डेय, राजू तिवारी सहित अन्य महानुभाव प्रमुख रहे।

## अमित उपाध्याय के हिन्दी प्रवक्ता चयनित होने पर जश्न का माहौल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मेधावी के यूपीएससी के द्वारा राजकीय इण्टर कालेजों में प्रवक्ता पद के परिणाम में मिली सफलता पर लोगों में खुशी का माहौल देखा गया। लालगंज नगर के दीवानी वार्ड के दूरसंचार कालोनी निवासी अमित कुमार उपाध्याय हिन्दी विषय में प्रवक्ता पद पर चयनित हुए हैं। अमित इस समय रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालय पूरे भिखारी में प्रधानाध्यापक के रूप में सेवारत है। चयन पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्राशिसं के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, सभासद सोनू शुक्ला, शिक्षक नेता प्रभाकर दुबे आदि ने भी अमित की कामयाबी पर खुशी जतायी है।

## रेलवे पुलिस ने दुकान के आगे बने रेलवे की जमीन पर चबूतरे को तुड़वाया

### जेसीबी मशीन से चबूतरा तोड़ने के दौरान हड़कंप मचा रहा

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक के परियावां कालाकांकर रेलवे स्टेशन के 35 सी रेलवे फाटक के पीछे रेलवे की खाली पड़ी जमीन के सामने परियावां निवासी राधेश्याम अग्रहरि की पुरानी जमीन है जिस पर अपनी जमीन मे लगभग 12 दुकान बनवा लिया है दुकान के आगे रेलवे की खाली पड़ी जमीन है जिस पर गिट्टी डिपो रेलवे स्टेशन पर होने के कारण इसी रास्ते से गिट्टी से लदी ट्रक उतारने जाती है। राधेश्याम की बनी दुकाने के शटर के निकट रेलवे ने अपनी जमीन बताते हुए बड़ा सीमेंट का शुरू व बीच हो दो खम्भा गाड़ दिया ताकि खम्भे के आगे दुकान मालिक रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण न कर सके दुकान मालिक ने रेलवे के गड़े खम्भे के आगे चबूतरे का हाल ही मे निर्माण कार्य करा लिया जिसकी जानकारी मिलने पर ऊंचाहार रेलवे पुलिस बुधवार की सुबह मौके पर पहुंची और खम्भा के आगे बने चबूतरे को जेसीबी मशीन से तोड़वाकर उसका मलवा रेलवे की जमीन पर बड़े बड़े गड्ढे मे डलवा दिया। दुकानदार राधेश्याम अग्रहरि का कहना है रेलवे की जमीन जहा तक निकल रही हो वहाँ पर अपनी बाउंड्री करा ले लगभग 4-5 साल से रेलवे अपनी जगह चिन्हित नही कर रही है अपना खम्भा गाड़कर चिन्हित कर लिया और न ही रेलवे अपनी जमीन की लेखपाल से नाप जोख करा रही है। इस बाबत पूछे जाने पर रेलवे पुलिस ऊंचाहार ने बताया कि रेलवे ने अपनी जगह चिन्हित करके सीमेंट का खम्भा गाड़ दिया। दुकान मालिक को जो भी निर्माण कार्य कराना हो वह अपनी जमीन मे करे रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण करना गैर कानूनी है।

## मॉक ड्रिल में डंफर से टकराई पैसेंजर मचा हड़कंप

### चिलबिला के आगे अयोध्या रूट पर खड़ी हुई ट्रेन

### सेफ्टी प्रबंधन की तत्परता को चेक करने के लिए हुई नकली ड्रिल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अयोध्या जा रही पैसेंजर ट्रेन डंफर से टकरा गई है, जिसमें काफी नुकसान हुआ है। इस सूचना ने रेल लखनऊ मंडल कार्यालय में हड़कंप मचा दिया। अधिकारी और कर्मचारी गिरते पड़ते घटना स्थल पर पहुंचे। वहां पर पता चला कि यह तो मॉक ड्रिल यानि नकली दुर्घटना थी। जिसका मकसद सेफ्टी प्रबंधन की तत्परता को चेक करना था। जिसमें यह देखना था कि मौके पर कौन पहुंचता है। हालांकि स्थानीय सभी स्टाफ मौके पर पहुंच गया था। मॉक ड्रिल के चक्कर में ट्रेन करीब एक घंटे रोकी गई, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतें आई। लोगों को पहुंचने में विलम्ब हुआ।प्रतापगढ़ से अयोध्या जा रही पैसेंजर ट्रेन चिलबिला के आगे वाले गेट को पार करने के बाद रुक गई। डीएसओ की तरफ से रेलवे अधिकारियों को यह सूचना दी गई कि पैसेंजर ट्रेन दुर्घटना की शिकार हो गई है। प्रतापगढ़, चिलबिला और लखनऊ में हड़कंप मच गया। स्थानीय कर्मचारी भागते हुए मौके पर पहुंचे तो देखा कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है। ट्रेन खड़ी है। जो अधिकारी वहां पहले से खड़े थे। उन्होंने इनको मॉक ड्रिल के बारे में बताया। सच्चाई किसी को पता न चले इसलिए आरपीएफ और कुछ अन्य का मोबाइल ले लिया गया। अयोध्या से ट्रेन रिलीफ भी चल पड़ी। हालांकि बाद में सेफ्टी के अफसरों ने सभी को नकली ड्रिल के बारे में बताया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। ट्रेन में पहले से बैठे डीएसओ के स्टाफ ने मॉक ड्रिल की कहानी बनाई थी।

## अरखा रजबहा के टूटने से राजमार्ग पर भरा पानी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अरखा रजबहा ओवर फ्लो पानी के चलते बुधवार की दोपहर नहर की पटरी बाजिदपुर टहलू नगर के पास टूट गई जिससे प्रयागराज लखनऊ राजमार्ग की सड़क पर पानी बहने लगा नहर के टूटने से आस पास के खेतो मे लबालब पानी भर गया जिससे किसानो की तैयार फसल धान की खेती का नुकसान हो गया समाचार भेजे जाने तक नहर की टूटी पटरी नही बन सकी।

# गौसंरक्षण केंद्र में भूसा चारा उपलब्ध कराने के निर्देश दे गए सदस्य कृषक समृद्धि आयोग

अखंड भारत संदेश

**सदस्य, कृषक समृद्धि आयोग ने गौशालाओं का निरीक्षण कर गोवंशो में लम्पी टीकाकरण सहित अन्य कार्यों की प्रगति का लिया जायजा**

**सदस्य ने खाद की दुकानों का किया निरीक्षण, पायी गई कमियों शिकायतों के निस्तारण के दिये निर्देश**



**कौशाम्बी।** सदस्य, कृषक समृद्धि आयोग, उ0प्र0 श्री कुलजीत सिंह ने बुधवार को अस्थायी गौशाला ओसा, गौशाला टेंवा एवं कान्हा गौशाला करारी का निरीक्षण कर लम्पी रोग की रोकथाम के लिए गोवंशों को किये जा रहें टीकाकरण सहित अन्य कार्यों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें तथा गायों को गुड़ खिलाकर गोपूजन किया।

सदस्य ने लम्पी रोग की गाइडलाइन के दृष्टिगत कॉन्हा गौशाला करारी के प्रवेश द्वार से ही संरक्षित गोवंशों की जानकारी प्राप्त करने पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ए0के0 सागर ने बताया कि कुल 159 गोवंश संरक्षित है। सदस्य ने गौशाला में पंखा लगा न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए ई0ओ0 को मानक के अनुसार पंखा लगवाने एवं गौशाला तक पहुॅच मार्ग के लिए सड़क बनाये जाने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दियें।

इसी प्रकार अस्थायी गौशाला ओसा के निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि कुल 80 गोवंश संरक्षित है सदस्य ने गौशाला में वृक्षारोपण कराने के निर्देश दियें, ताकि गोवंशों को पेड़ की छाया भी प्राप्त हो सकें। सदस्य ने गौशाला टेंवा के निरीक्षण के दौरान टीकाकरण के कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को गौशाला में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने गौशाला में वर्मी कम्पोस्ट के लिए बनाये गये चैम्बर के अवलोकन के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को सुझाव दिया कि तैयार हो रहें जैविक खाद की पैंकिग कराकर नर्सरियों आदि जगह भेजा जाय, इससे गौशाला को आमदनी भी होंगी। सदस्य ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को जनपद के सभी गौशालाओं में भूसा-चारा सहित सभी व्यवस्थायें हमेशा सुनिश्चित रखने के निर्देश दियें। सदस्य के निरीक्षण के दौरान जनपद में लम्पी रोग का प्रकोप न के बराबर पाया गया, जिसका कारण जनपद में समय से ही गोवंशां में लम्पी टीकाकरण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया था। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में अब तक 80 हजार 700 गोवंशो का टीकाकरण हो चुका हैं तत्पश्चात सदस्य द्वारा दीवर कोतारी में एक खाद की दुकान के निरीक्षण दौरान पाया गया कि खाद की दुकान का लाइसेन्स नहीं है, फिर भी खाद की बिक्री की जा रहीं है, मौके पर दुकान का स्वामी नहीं मिलें। दीवर कोतारी में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र खुला पाया गया।

सदस्य द्वारा दीवर कोतारी में ही एक अन्य खाद की दुकान कृष्णा खाद के निरीक्षण के दौरान दुकान स्वामी ने बताया कि उन्हें सरकारी रेट 267 से अधिक दाम 282 में यूरिया खाद मिल रहा हैं, जिस पर सदस्य ने जिला कृषि अधिकारी को जॉच कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एके सागर, उप कृषि निदेशक सतेन्द्र तिवारी एवं डिप्टी आरएमओ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बाइकर्स गैंग ने तमंचे की नोक पर सब्जी व्यापारी को लूटा

**मंहगांव कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के पावर हाउस मनौरी के पास 27 सितंबर की आधी रात को बाइक से सब्जी लेकर जा रहे सब्जी व्यापारी को बाइकर्स गैंग के तीन सदस्यों ने बीच सड़क पर तमंचे की नोक पर रोक लिया और उसे मारपीट कर उसके पास रखा 4 हजार 500 रुपए नगद और मोबाइल छीन कर फरार हो गए हैं मामले की सूचना सब्जी व्यापारी ने पुलिस को दी है खबर लिखे जाने तक बाइकर्स गैंग का सुराग पुलिस नहीं लगा सकी है। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के कुण्डारी गांव निवासी बृजेश कुमार पुत्र रामधनी सब्जी का व्यापार करते हैं 27 सितंबर की रात्रि लगभग 2:00 बजे वह बाइक में मूली लेकर के प्रयागराज के मुंडेरा सब्जी मंडी जा रहे थे जैसे ही बृजेश कुमार पावर हाउस मनौरी के पास पहुंचे बाइकर्स गैंग के तीन लोगों ने तमंचे की नोक पर सब्जी व्यापारी बृजेश को बीच सड़क पर रोक लिया गाली गलौज कर उससे 4 हजार 500 रुपया नगद और मोबाइल छीन लिया है चरवा क्षेत्र में सरार्फा कारोबारी से बाइकर्स गैंग की लूट कांड का खुलासा करने के बाद पुलिस राहत की सास नहीं ले पाई की पिपरी क्षेत्र में सब्जी व्यापारी से फिर बाइकर्स गैंग ने लूटपाट शुरू कर दी है।

## न्यूज झरोखा

## भाजपा नेताओं ने नगर में लगाई जन चौपाल, गरीबों के घर किया भोजन



**कौशाम्बी।** भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य और नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष बीरेन्द्र फौजी ने बुधवार को जन चौपाल के आयोजन में लोगों की समस्याओं को सुना मंझनपुर के उधोस्याम नगर में आयोजित जन चौपाल में उपस्थित आम जनमानस ने अपनी समस्याएं इन नेताओं के सामने रक्खी जिस पर आम जनमानस की समस्या सुनने के बाद उसके निस्तारण का आश्वासन नेताओं द्वारा दिया गया है वार्ड के मोहल्लों में घर घर जाकर समस्यायें सुनी अनुसूचित जाति की बस्ती में जाकर पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के साथ जमीन पर बैठकर गरीब के घर भोजन किया। नगर पालिका के उधोस्याम नगर में बुधवार को जनचौपाल लगाकर लोगो की समस्याओं को भाजपा नेताओं द्वारा सुना गया गरीब के घर दाल चावल सब्जी खीर का भोजन किया भोजन के पश्चात उन्होंने परिवार के सभी लोगों से बातचीत की बस्ती के लोगों से भी जानकारी ली कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिला या नहीं जिस पर तमाम लोगों ने सरकार की योजनाओं की हकीकत नेताओं के सामने रख दी जिला अध्यक्ष ने सभी को बताया कि सरकार अब आपके द्वार सेवा योजना पखवाड़ा कर्यक्रम के जरिये लोगो की शिकायत सुन उसका निस्तारण करेगी और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ निचले स्तर तक पहुचायेगी साथ मे डिप्टी सीएम के मीडिया प्रभारी भोले नाथ नगर पालिका अध्यक्ष बीरेन्द्र सरोज मंडल अध्यक्ष महेश लोधी महामंत्री बृजेश लोधी, सभासद आर्यवीर, अंसुल केशरवानी आदि लोग मौजूद रहे।

## ससुरालियों ने दामाद को पीटा,बीच बचाव करने गए 2 पड़ोसी भी हुए जख्मी



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के ग्राम सभा कनवार के मजरे मेडीपुर में बुधवार की सुबह बेटी की ससुराल पहुंचे ससुरालियों ने अपने ही दामाद को पीटने लगे बीच बचाव करने गए 2 पड़ोसी घायल हो गए। कनवार के मजरा मेडीपुर निवासी अखिलेंद्र पुत्र जयचंद्र ने अझुवा चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया उसकी पत्नी आरती देवी शादी के बाद से ही बीमार रहती है बुधवार की सुबह उसके ससुराली ,साला सहित घर आकर गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया उसकी मां और छोटे भाई से मारपीट करने लगे पड़ोसी धनराज पुत्र पितम्बर बीच बचाव करने गए तो उसे भी पीटकर लहूलुहान कर दिया पीड़ित ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है वहीं सूचना पर चौकी पुलिस ने जख्मियों को इलाज कराते हुए कार्रवाई में जुट गई है

## हिंदुस्तान ओलंपियाड परीक्षा 2022 पुरस्कार वितरण



**भरवारी कौशाम्बी।** हिंदुस्तान ओलंपियाड 2022 की परीक्षा जो पिछले सत्र में आयोजित की गई थी जिसमे भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी की 12वीं की छात्रा जान्हवी चौधरी पुत्री अजय कुमार चौधरी और तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा नैंसी गुप्ता पुत्री कमला कांत ने अपने अपने वर्ग में डिस्ट्रिक टॉपर बनकर अपने माता पिता एवं स्कूल का मान बढ़ाया है जिसके लिए आज हिंदुस्तान ओलंपियाड की तरफ से प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने दोनो छात्राओं को उनके माता-पिता की उपस्थिति में उत्कृष्ठतम प्रदर्शन हेतु पुरस्कार के रूप में 2100 रुपए का चेक प्रदान किया।प्रधानाचार्य ने दोनों बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

## नलकूप हाउस का ताला तोड़कर चोरों ने पार किया नलकूप का स्टार्टर और पाइप

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के ग्राम पुरे कलापत में बीती रात नलकूप हाउस में ताला तोड़कर घुसे अज्ञात चोरों ने नलकूप का स्टार्टर समेत 30 केजी प्लास्टिक का पाइप उठा ले गए। सुबह जब नलकूप के मलिक ने देखा कि नलकूप के दरवाजे पर लगा ताला टूटा है और नलकूप के अन्दर से स्टार्टर और पाइप भी गायब हैं। जिसकी लिखित शिकायती प्रार्थना देकर नलकूप की मालकिन गमला देवी ने चरवा थाना में की और बताया कि मंगलवार की रात चोरों ने उसके ट्यूबबेल का ताला तोड़कर, अन्दर लगे स्टाटर की तार काटकर स्टार्टर चोरी हो गया और साथ ही नलकूप हाउस के अन्दर रखा 30 किलो प्लास्टिक का पाइप भी चोर उठा ले गए। उसने पुलिस को बताया कि पहले भी आस पास के कई नलकूपों में चोरों द्वारा ऐसी घटना को अंजाम दिया जा चुका है परन्तु आज तक चोरों का पाता नही चल सका है एक बार फिर इलाके में ऐसे चोर सक्रिय हैं।

# कंटेनर की टक्कर से साइकिल सवार की दर्दनाक मौत

अखंड भारत संदेश

**दुर्घटना कारित करने वाले वाहन मय चालक को पुलिस ने लिया हिरासत में**



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के टेस्ट आन होटल के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क पार कर रहे साइकिल सवार को तेजरफ्तर कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे साइकिल सवार की दर्दनाक मौत हो गई है सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक थाना कड़ाधाम के रामपुर बढ़नावा दूबाना निवासी गुलजारी लाल उम्र 52 वर्ष बुधवार को साइकिल से किसी काम से रामलाल का पुरवा थाना सैनी गया था रास्ते में सैनी कोतवाली के टेस्ट आन होटल के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर उसे कंटेनर ने टक्कर मार दी है जिससे उसकी मौत हो गई है पुलिस ने दुर्घटना कारित करने वाले वाहन मय चालक हिरासत में ले लिया है। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुँची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सभी अधिकारियों को विभागीय योजनाओं इंडीकेटर्स में प्रगति सुनिश्चित करने के सीडीओ ने दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

**बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सचिव मण्डी, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी तथा उपायुक्त वाणिज्यकर का वेतन रोकने के दिए निर्देश, सीएम डैशबोर्ड (दर्पण) के सम्बन्ध में की विस्तृत समीक्षा**



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बुधवार को सी0एम0 डैशबोर्ड (दर्पण) के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को अपने विभागीय योजनाओं/इंडीकेटर्स में तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें।उन्होंने परियोजना निदेशक को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना में प्रगति लाने के निर्देश दियें। इसी प्रकार अधिशासी अभियंता जल निगम को हर-घर नल से जल योजना के तहत कराये जा रहें कार्यों में प्रगति, अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 को सड़कों के निर्माण कार्य में प्रगति एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं के टीकाकरण एवं पशुओं का कृत्रिम गभार्धान में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दियें। श्रम प्रवर्तन अधिकारी को भी विभागीय योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को फीडिंग में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सचिव मण्डी, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी तथा उपायुक्त वाणिज्यकर का वेतन रोकने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों का सत्यापन कराकर पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने कार्यालय की साफ-सफाई के साथ ही रंगाई-पुताई आदि कार्य कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियों को आईजीआरएस के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों को समयान्तर्गत एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दियें बैठक में एडीएम जयचन्द्र पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी आरएस यादव एवं जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शादी के पहले युवक को सब कुछ सौप देने वाली बालिका शादी कराने की फरियाद लेकर पहुंची पुलिस चौकी

अखंड भारत संदेश



**महगाव कौशाम्बी।** शादी के पहले होने वाले पति से मुलाकात ना करने वाली परंपरा को तोड़ते हुए अपने पारिवारिक जनों से छिपकर सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक पुलिस चौकी अंतर्गत एक गांव की एक बालिका शादी के पहले ही युवक को सब कुछ सौप चुकी है 3 वर्षों से बालिका पारिवारिक जनों की आंखों में धूल झोंककर युवक से गुपचुप अकेले मिलती रही और उसे सब कुछ सौंपती रही युवक पर अब यह बालिका शादी करने का दबाव बना रही है लेकिन युवक और उसके पारिवारिक जनों ने बालिका से शादी करने से इनकार कर दिया जिस पर बालिका और उसके परिजन पुलिस चौकी पहुंचे हैं और तहरीर देकर युवक से शादी कराने की फरियाद पुलिस चौकी में कर रहे हैं बालिका का कहना है कि बीते 3 वर्षों से युवक के साथ उसके शारीरिक संबंध है लेकिन अब युवक उससे शादी से इनकार कर रहा है चचाओं पर जाए तो युवक का नाम रुस्तम सरोज पुत्र जगरूप सरोज है इतना ही नहीं बालिका की दूसरी जगह भी शादी नहीं हो पा रही है जिससे बालिका और उसके परिवार के लोग परेशान हैं और उसी युवक से शादी कराने की फरियाद चौकी पुलिस से कर रही हैं। अब सवाल उठता है कि क्या पुलिस चौकी विवाह मंडप घर बन जाएगा।

## जहरीले जन्तु के काटने से अधेड़ की मौत

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** सिराथू तहसील के अंतर्गत ग्राम सभा हिसामपुर परसखी मे बुधवार को दिन में खेत में चारा काटने गए वृद्ध सारधा प्रसाद उम्र 55 वर्ष पुत्र सहदेव की जहरीले जन्तु के काटने से मौत हो गई है मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है।

## सर्प दंश से युवक की मौत

**हर्रायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बलिहावा मूरतगंज गांव निवासी विश्वनाथ पुत्र अवध नारायण बुधवार को खेत में काम कर रहे थे इसी बीच अचानक जहरीले जंतु ने उन्हें काट लिया है प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अस्पताल ले गए लेकिन बचा नहीं सके उनकी मौत हो गई है युवक की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है।

# तिहरे हत्याकांड : जांच के दौरान चकबंदी अधिकारियों का दोष हुआ उजागर

अखंड भारत संदेश

**चार सरकारी नुमाइंदों का निलंबन एक के निलंबित की सिफारिश और एक पर विभागीय कार्यवाही की शासन को भेजी गई आख्या**

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के ग्राम मोहिउद्दीनपुर गौस उपरहार में 15 सितम्बर को हुए तिहरे हत्याकांड में चकबन्दी विभाग के अधिकारियों का दोष जांच के दौरान उजागर हुआ है जिस पर बिभाग के पांच लोगों पर कठोर कार्यवाही की गई है जिससे पूरे चकबंदी विभाग में हड़कंप मचा है।

जानकारी के मुताबिक चकबंदी प्रक्रियान्तर्गत थाना संदीपन घाट परगना व तहसील चायल के मोहद्दीनपुर गौस में हुए तिहरे हत्याकाण्ड के विरूद्ध आगजनी की घटना हुई, जिसमें परिलक्षित जमीनी विवाद सम्बन्धी तथ्यों की जॉच जिला अधिकारी ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में त्रिसदस्यीय जॉच समिति से करायी मामले में जॉच समिति की जॉच आख्या प्राप्त हुई, जिसके आधार पर चकबन्दी लेखपाल राजकिरण शिलवन्त सिंह शिवेश सिंह तथा चकबन्दीकर्ता रामआसरे को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है, और मामले के विभिन्न स्तरों पर अफजाल अहमद खॉ, सहायक चकबन्दी अधिकारी चायल द्वारा की गयी लापरवाही एवं कर्तव्यों के प्रति उदासीनता बरतने के लिए इनके निलम्बन की संस्तुति की गयी है, तथा पर्यवेक्षणीय दायित्वों में शिथिलता के लिए चकबन्दी अधिकारी चायल (द्वितीय) के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही हेतु चकबन्दी आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ को आख्या को प्रेषित की गयी है।

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर लटका ताला भटकतें हैं मरीज

अखंड भारत संदेश

**फर्जी तरीके से चलने वाले हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर के कारनामे पर जांच करा कर कठोर कार्रवाई की मांग**




**कौशांबी।** स्वास्थ्य विभाग भले ही जनता को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया कराने का लाख दावा कर लें, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ अलग है। ग्रामीण स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए पूरे तामझाम के साथ विकास खंड चायल के पहाड़पुर सुधवर गांव में अतिरिक्त हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोला गया। उद्घाटन के बाद भी यहां अक्सर ताला लटका रहता है। यह कभी-कभार भी नहीं खुलता है। हास्यास्पद यह है कि सेंटर में नियुक्त कर्मियों ने आज तक दर्शन ही नहीं दिया। इससे आस पास के लोग इलाज सहित अन्य सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहे हैं। लोग नीम हकीम से इलाज कराने को मजबूर है, जो मरीजों के इलाज करने के नाम पर जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। वेलनेस सेंटर चालू होने के बाद भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की घोषणा कागजों तक सिमट कर रह गई है। हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में मरीजों के लिए डायबिटीज समेत अन्य जांच व चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना था, लेकिन अभी तक सेंटर पर मरीजों को सुविधाएं नसीब नहीं हो रही हैं। पहाड़पुर सुधवर गांव के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर नियुक्त सीएचओ आरती सोनकर के केंद्र पर न आने से ग्रामीण परेशान हैं। सेंटर बंद होने से निजी चिकित्सक के शरण में जाने के लिए विवश हो गए हैं। इससे अत्यधिक धन व्यय करना पड़ा। साथ ही ठीक से इलाज भी नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण रंजीत, रवी, कुंजन, विरेंद्र कुमार,सोनू, अभय,आदि ने बताया कि केंद्र बंद रहने से परेशानी होती है। इलाके के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए फर्जी तरीके से चलने वाले हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर के कारनामे पर जांच करा कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# शासन के रोक के बावजूद सरकारी कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों का दबदबा

अखंड भारत संदेश

**आयुक्त एवं सचिव के जारी पत्र पर 27 दिन बाद भी सरकारी कार्यालय में मौजूद बाहरी व्यक्तियों पर नहीं हुई कार्यवाही**

**कौशाम्बी।** आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद लखनऊ अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त अनिल कुमार यादव ने समस्त मंडल आयुक्त जिला अधिकारी को 29 अगस्त को पत्र भेज कर निर्देशित किया था कि मंडल कलेक्टर तहसील कार्यालय के विभिन्न कार्यालय में सरकारी कर्मचारियों द्वारा प्राइवेट बाहरी व्यक्तियों के सहयोग से शासकीय कार्य कराया जाता है ऐसे व्यक्तियों द्वारा भ्रष्टाचार अनियमितताएं किए जाने की शिकायतें मिल रही हैं यह स्थिति अत्यंत आपत्तिजनक है पत्र जारी करते हुए उन्होंने कहा कि मंडल कलेक्टर और तहसील कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों से कार्य न कराया जाए लेकिन राजस्व परिषद का यह पत्र 27 दिन बाद भी जिले में नहीं लागू हो सका है तहसील कार्यालय से लेकर अन्य कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों द्वारा शासकीय कार्य लगातार किया जा रहा है तमाम कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों का वर्चस्व है और वह मनमानी तरीके से पीड़ितों का शोषण कर रहे हैं सरकारी कर्मचारी बाहरी व्यक्तियों को माध्यम बनाकर अवैध वसूली करने में मशगूल है आखिर राजस्व परिषद के पत्र की इतनी उपेक्षा क्यों की जा रही है सरकारी कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों के कार्य किए जाने पर रोक लगाए जाने के स्पष्ट आदेश के बाद भी राजस्व परिषद के पत्र का पालन न किया जाना बड़ा गंभीर विषय है अवैध तरीके से भ्रष्टाचार बढ़ाने वाले इन प्राइवेट व्यक्तियों से सरकारी कर्मचारियों के क्या रिश्ते हैं यह भी बड़ी जांच का विषय है शासन स्तर से स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बाद भी आखिर इन्हें बाहर करने का प्रयास क्यो नही किया जाता है।

# डीएम कमिश्नर से अपने को कम नहीं समझता लेखपाल

अखंड भारत संदेश



**पट्टे की मिली जमीन पर लेखपाल नही करने दे रहा निर्माण**

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** भूमि गरीब व्यक्ति को तत्कालीन उप जिला अधिकारी की सिफारिश पर 30 साल पहले पट्टे की जमीन मिली थी लेकिन सरकार से मिले जमीन पर गरीब व्यक्ति निर्माण नहीं कर पा रहा है इस जमीन के निर्माण में लेखपाल ही बाधक बन गया है वह पट्टे की जमीन पर निर्माण के बदले में मोटी रकम की उम्मीद लगाए बैठा है जिससे वह बाधक बनाकर गरीब को परेशान कर रहा है अधिकारियों की चौखट में फरियाद लगाते लगाते पीड़ित परेशान है। जब भी निर्माण काम शुरू कराता है लेखपाल आकर निर्माण कार्य रोकने की हिदायत देकर चला जाता है। जानकारी के मुताबिक सिराथू तहसील के सुखऊ का पूरा निवासी चंद्रिका पटेल पुत्र शिवशंकर को वर्ष 1993 में 100 वर्ग फुट का पट्टा मिला था जिस पर उसने उस समय पीछे से एक कमरा बनाकर आगे की जमीन को खाली छोड़ दिया था और रहने लगा कि जब पैसा होगा तो पुनः घर का निर्माण कराएगा । खाली पड़ी जमीन पर गांव के बलराम ने पहले बांस बल्ली रखना शुरू किया की बाद में हटा लेगा। लेकिन काफी दिन न हटाने के बाद उसने पट्टे में मिली खाली जमीन पर नीयत बदलते हुए कब्जा करना शुरू दिया जिससे गरीब पट्टा धारक की समस्या उठ खड़ी हुई ।एक साल से लगातार अधिकारियों की चौखट लगाने के बाद रास्ता नजर आया तो अब लेखपाल अडंगा लगा रहा है। जैसे ही मकान निर्माण शुरू होता है लेखपाल कोई न कोई बहाना बताकर काम रुकवा देता है। जिससे पीड़ित परेशान हो कर पुनः अधिकारियों का चक्कर लगा रहा है। यह लेखपाल अपने को डीएम कमिश्नर से कम नहीं समझता है लेकिन डीएम कमिश्नर समझने वाले इस लेखपाल पर वर्षो बीत जाने के बाद शासन प्रशासन कार्यवाही करने का साहस नहीं कर पा रहा है जिससे योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## संपादक की कलम से

# युवाओं के क्रांतिनायक भगत सिंह

**युवाओं** के क्रांतिनायक भगत सिंह के जीवन की अनेक ऐसी बातें हैं जो देश के युवाओं को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा से भर देती है। 23 वर्ष की उम्र में ही भगत सिंह ने अपने लेखन और राष्ट्रभक्ति के बरक्स एक ऐसा आंदोलन खड़ा कर दिया जिससे दशकों तक भारत की युवा पीढ़ी प्रेरणा लेती रहेगी। भगत सिंह ने अपनी गरिमामय शहादत और आंदोलित विचारों से देश-दुनिया को संदेश दिया कि क्रांतिकारी आंदोलन के पीछे उनका मकसद अंध राष्ट्रवाद नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना थी। हालांकि यह त्रासदी है कि आजादी के चार दशक बाद तक भगत सिंह के विचार और उनसे जुड़े दस्तावेज देश के आमजन तक नहीं पहुंच पाए और देश की युवा पीढ़ी उनके आंदोलित व राष्ट्रवादी विचारों से अपरिचित रही। भगत सिंह के विचारों और क्रांतिकारिता को समझने के लिए जेल के दिनों में उनके लिखे खतों और लेखों को पढ़ना-समझना आवश्यक है। उन खतों और लेखों के माध्यम से समझा जा सकता है कि भगत सिंह रक्तपात के कतई पक्षधर नहीं थे। वे और उनके साथियों ने पुलिस सुपरिटेण्डेंट स्कॉट को निशाना तब बनाया जब 1928 में साइमन कमीशन के बहिष्कार के लिए भयानक प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शन में भाग लेने वाले प्रदर्शनकारियों पर ब्रिटिश हुकुमत ने लाठियां बरसायी जिसमें लाला लाजपत राय बुरी तरह घायल हुए और अंततः मृत्यु को प्राप्त हुए। भगत सिंह समाजवाद और मानववाद के पोषक थे और इसी कारण उन्होंने ब्रिटिश हुकुमत की भारतीयों के प्रति शोषण की नीति का विरोध किया। भारतीयों के प्रति अत्याचार से उनका विरोध लाजिमी था ठीक उसी तरह जिस तरह एक महान देशभक्त का होता है। भगत सिंह कतई नहीं चाहते थे कि ब्रिटिश संसद से मजदूर विरोधी नीतियां पारित हो। उनकी सोच थी कि अंग्रेजों को पता चलना चाहिए कि हिंदुस्तानी जाग चुके हैं और वे अधिक दिनों तक गुलामी के चंगुल में नहीं रह सकते। उन्होंने अपने विचारों से अंग्रेजों को यह बात समझानी चाही लेकिन अंग्रेज समझने को तैयार नहीं थे। तब उन्होंने अपनी बात उन तक पहुंचाने के लिए 8 अप्रैल, 1929 को अपने साथी क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त से मिलकर ब्रिटिश सरकार की केंद्रीय असेंबली में बम फेंका। उन्होंने यह बम खाली स्थान पर फेंका ताकि किसी को नुकसान न पहुंचे। बम फेंकने के बाद उन्होंने इंकलाब-जिंदाबाद के नारे लगाए और पर्चे फेंके। बम फेंकने का मकसद खून-खराबा करना नहीं था। उन्होंने कहा भी कि ह्यदि बहरों को सुनना है तो आवाज को बहुत जोरदार होना होगा, जब हमने बम गिराया तो हमारा ध्येय किसी को मारना नहीं था, हमने अंग्रेजी हुकुमत पर बम गिराया था, अंग्रेजों को भारत छोड़ना चाहिए और उसे आजाद करना चाहिए।ह्ल उल्लेखनीय तथ्य यह कि बम गिराने के बाद वे चाहते तो भाग सकते थे लेकिन उन्होंने भागना स्वीकार नहीं किया। बल्कि बहादुरी से गिरफ्तारी दी। सच कहें तो भगत सिंह ने यह साहस दिखाकर अंग्रेजों को समझा दिया कि एक हिंदुस्तानी क्या-क्या कर सकता है। उनका यह साहस दशार्ता है कि वे शांति के पैरोकार थे और हिंसा में उनका विश्वास रंचमात्र भी नहीं था। उन्होंने अपनी क्रांतिकारिता को रेखांकित करते हुए कहा भी है कि ह्यजरुरी नहीं था कि क्रांति में अभिशप्त संघर्ष शामिल हो, यह बम और पिस्तौल का पंथ नहीं था।ह्ल भगत सिंह का अहिंसा में कितना अधिक विश्वास था वह इसी से समझा जा सकता है कि एक स्थान पर उन्होंने कहा कि ह्यअहिंसा को आत्मबल के सिद्धांत का समर्थन प्राप्त है जिसमें अंततः प्रतिद्वंदी पर जीत की आशा में कष्ट सहा जाता है, लेकिन तब क्या हो जब ये प्रयास अपना लक्ष्य प्राप्त करने में असफल हो जाए? तभी हमें आत्मबल को शारीरिक बल से जोड़ने की जरुरत पड़ती है ताकि हम अत्याचारी और क्रुर दुश्मन के रहमोंकरम पर ना निर्भर करें।ह्ल क्या ऐसे विचार वाले एक महान क्रांतिकारी को हिंसावादी कहना उचित होगा? कतई नहीं। ध्यान देना होगा।

# महिला आरक्षण : कहां से आया आधी आबादी को तिहाई आरक्षण देने का फामूर्ला?

**अनिल तिवारी**

**पिछले 27 साल से** अधर में झूल रहे राजनीति में महिलाओं की हिस्सेदारी विषयक विधेयक को संसद के दोनों सदनों ने पारित कर दिया है। सरकार द्वारा लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोकसभा में भारी बहुमत तथा राज्यसभा में सर्वसम्मति से पारित होते ही लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण को कानूनी दर्जा हासिल हो गया है।

राजनीति में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए यह विधेयक मील का पत्थर साबित हो सकता है, यह ठीक भी है और इस बात में दम भी है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि अगर यह विधेयक समाज में स्त्री पुरुष बराबरी का लक्ष्य हासिल करने की गरज से लाया गया है तो आधी आबादी को तिहाई आरक्षण देने के निहितार्थ क्या है? लगभग 48.5% महिला आबादी के लिए 33% आरक्षण का फामूर्ला कहां से आया?

### शक्ति वंदन का सफर

| वर्ष | प्रधानमंत्री | नतीजा |
|---|---|---|
| 1996 | एचडी देवगौड़ा | पारित नहीं हुआ |
| 1998 | अटल बिहारी | पारित नहीं हुआ |
| 2002,2003 | अटल बिहारी | पारित नहीं हुआ |
| 2008 | मनमोहन सिंह | राज्यसभा से पारित |
| 2023 | नरेंद्र मोदी | लोकसभा में पेश |

2008 में विधेयक राज्यसभा में आया, 2010 में पारित हुआ, लेकिन लोकसभा में पेश नहीं हो सका।



महिला आरक्षण को लेकर भारत की घरेलू राजनीति तो अक्सर गरम रही, बाहरी दबाव के कारण भी इसे अब और अधिक दिन तक नहीं टाला जा सकता था। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा महिलाओं पर केंद्रित चार विश्व सम्मेलन आयोजित किए गए, जो क्रमशः 1975 में मेक्सिको में, 1980 में कोपेनहेगन में, 1985 में नैरोबी में और 1995 में बीजिंग में हुए। अंतिम सम्मेलन के दौरान बीजिंग घोषणा पत्र जारी किया गया और सभी सदस्य देशों से उस पर त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा की गई। सम्मेलन में शामिल सभी 189 देशों द्वारा सर्वसम्मति से घोषणा पत्र को अपनाया गया और त्वरित कार्रवाई करने का वचन दिया गया। बीजिंग घोषणा पत्र में एक प्रमुख प्रावधान महिलाओं के लिए आरक्षण का भी था।

भारत में महिला आरक्षण की मांग पहले से ही चल रही थी। बीजिंग सम्मेलन के बाद भारत की सरकारों ने भी इसमें बढ़-चढ़कर रुचि दिखानी शुरू कर दी। यह अलग बात है कि जब भी सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक को पास करने की कोशिश की तो उसे पिछड़ी जाति के नेताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। पिछड़ी जाति के नेताओं ने इसे हमेशा संसद में उच्च जाति की साजिश के रूप में देखा। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान भी यह विधेयक राज्यसभा में पेश हुआ लेकिन जब यह लोकसभा में पहुंचा तो मुलायम सिंह यादव, लालू प्रसाद यादव और शरद यादव जैसे नेताओं ने अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए अलग कोटा इसमें नहीं होने की बात उठाते हुए इसका कड़ा विरोध किया था।

दरअसल, महिला आरक्षण का मकसद विधायिका में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है, इसलिए कुछ लोगों का विचार यह भी रहा है कि महिलाओं को आरक्षण के जरिए ही क्यों आगे आने का अवसर मिलना चाहिए, उन्हें अपने दम पर आगे आने का मौका देना चाहिए। इसलिए एक विचार यह भी आया कि राजनीतिक दल खुद अपने सांगठनिक ढांचे में एक तिहाई आरक्षण की व्यवस्था लागू करें। मगर हैरानी की बात है कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के सैद्धांतिक विचार का समर्थन तो सभी दल करते हैं, चुनावी सभाओं में हमेशा इसकी मांग सभी दोहराते हैं, मगर संगठन के स्तर पर इसे आगे बढ़ाता कोई नजर नहीं आता।

ऐसे विचार जब व्यावहारिक रूप लेते नहीं दिखे तो सिफारिश की गई कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित कर दी जाए। इसके लिए मसौदा भी तैयार किया गया। मसौदा तैयार करते समय भी आमतौर पर यह सवाल उभरा कि जब महिलाओं की आबादी 50% है तो 33 प्रतिशत आरक्षण का आधार क्या हो? तब मोटे तौर पर पूर्व में हुए कुछ अध्ययनों के निष्कर्ष को ध्यान में रखते हुए यह प्रतिशतता तय की गई।

पहला, एक अध्ययन में पाया गया कि किसी भी संस्थान में महिलाओं की मौजूदगी वहां की गुणवत्ता में सुधार लाती है। उदाहरण के लिए पुलिस जैसे संस्थानों में महिलाओं की बढ़ती संख्या पुलिस हिंसा को कम करने में कारगर साबित हुई है। भारी संख्या में महिला पुलिस होने के कारण खासकर महिलाओं और हाशिये पर रहने वाले दबे कुचले लोगों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।

इसी अध्ययन में यह भी निकल कर आया है कि किसी भी संस्था की कुल संख्या में महिलाओं की उपस्थिति अगर एक तिहाई से अधिक होने लगती है तो इसका प्रभाव संस्था पर सीधे तौर पर पड़ने लगता है। इसे ध्यान में रखते हुए महिलाओं की जनसंख्या 50% होने के बावजूद केवल 33% आरक्षण का प्रस्ताव मसौदे में किया गया।

दूसरा, राजनीति का क्षेत्र हो या फिर कोई अन्य संस्थान, सीट आरक्षित न होने की दशा में कुछ गिनी चुनी नाम मात्र की महिलाएं तो आगे बढ़ जाती हैं और कई बार लंबे समय तक पद पर काबिज रहती हैं। ऐसी महिलाएं अन्य महिलाओं के लिए बैरियर का काम करने लगती हैं। माना गया कि एक तिहाई आरक्षण से यह बैरियर भी टूटेगा।

तीसरा, संसद और विधानसभा में आरक्षण की जरूरत इसलिए भी है क्योंकि पारंपरिक रूप से स्त्रियों के कुछ बंधे हुए काम माने गए। सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने के बारे में यह धारणा बनाई गई कि औरतें राजनीति की कठिनाइयां नहीं झेल सकती। एक सीमा तक इस समस्या का भी हल एक तिहाई आरक्षण में दिखा।

सरकार द्वारा तैयार महिला आरक्षण विधेयक की अब तक की यात्रा काफी रोचक और रोमांचक रही है। साल 1996 में तैयार किया गया यह विधेयक प्रारंभ से ही विवादों में उलझा रहा है। पहली बार तो विरोधी दल के नेताओं ने इसे पेश ही नहीं करने दिया। उसके बाद 1998 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री आई के गुजराल ने कोशिश की तो उनकी ही पार्टी के लोगों ने उन्हें खरी खोटी सुनाई। सरकार में मंत्री रहे शरद यादव ने आधी आबादी के लिए "परकटी महिलाओं" जैसा जुमला भी उछाला। उसी साल अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने इसे पेश करने की कोशिश की लेकिन समाजवादी पार्टी के सांसदों ने इसे सदन में ही फाड़ डाला। इस खींचातानी में तत्कालीन कानून मंत्री थंबी दुरई की कमीज भी फट गई थी।

फिर वर्ष 2000 में विधेयक पेश किया गया लेकिन पास नहीं हो सका। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने महिला आरक्षण पर सहमति के लिए 3 मार्च 2002 को सभी दलों की बैठक बुलाई, बैठक में कोई सहमति नहीं बन पाई क्योंकि मुलायम सिंह यादव और लालू यादव की पार्टी पिछड़ों के लिए अलग से कोटा की मांग पर अड़ी रही। मनमोहन सरकार ने भी इस विधेयक को लेकर कोशिश की, पर वह भी इसे सिर्फ राज्यसभा में ही पास करवा सके।

वर्ष 2014 में राजग सरकार बनने के बाद 22 जनवरी 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की शुरूआत की थी। अब संसद के नवनिर्मित भवन से ऐतिहासिक "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" पारित करवाकर बेटियों के लिए राजनीति करने और चुनकर लोकसभा तथा विधानसभाओं में पहुंचने का दरवाजा खोल दिया है।

हालांकि अभी अगले 15 साल तक के लिए 50 फीसदी आबादी के बरक्स 33% आरक्षण का प्रावधान कानून में किया गया है। फिर भी इस हिस्सेदारी को राजनीतिक घटतौली के रूप में देखने की बजाय सकारात्मक सोच के साथ लिया जाना चाहिए।

(इस लेख में लेखक ने अपने निजी विचार व्यक्त किए हैं। लेख में प्रस्तुत किसी भी विचार एवं जानकारी के प्रति "उदय उत्तर" उत्तरदायी नहीं है।)

# जिन्ना को 'इंडिया' नाम पर क्या आपत्ति थी, वो इसे भ्रामक क्यों मानते थे?

**ताबिंदा कोकब**

**हिंदुस्तान**, इंडिया या भारतङ्घ आपने ये तीनों नाम भारत के लिए इस्तेमाल होते हुए देखे होंगे। हालांकि आधिकारिक नाम इंडिया ही है, लेकिन अब इंडिया के बजाय सिर्फ 'भारत' नाम करने की मांग जोरों से उठ रही है।

पहले भी देश में यह मांग उठती रही है, लेकिन दिलचस्प बात यह है कि बँटवारे के समय पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने 'इंडिया' नाम पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने इसे गुमराह करने वाला यानी 'भ्रामक' कहा था।

इतिहासकार लिखते हैं कि शुरूआती दिनों से ही देश के अंदर इंडिया नाम की वजह से विवाद रहा है। अंग्रेजों ने उपमहाद्वीप में अपने साम्राज्य को नाम देने के लिए 'इंडिया' शब्द को चुना था जो असल में ग्रीक भाषा का शब्द है। क्योंकि यह नाम अंग्रेजों ने दिया था, जो एक औपनिवेशिक दौर की पहचान है, इसलिए संविधान सभा में इसके इस्तेमाल पर आपत्ति जताई गई थी।

इतिहासकार जॉन की ने अपनी किताब 'इंडियाः ए हिस्ट्री' में लिखा है कि 'इंडिया' शब्द पर कोई विवाद नहीं था, क्योंकि नए मुस्लिम देश के लिए मोहम्मद अली जिन्ना ने इस्लामिक नाम 'पाकिस्तान' चुन लिया था।

जॉन की लिखते हैं, "आजादी के शुरूआती दौर में 'भारत' एक अच्छा नाम था, क्योंकि 'इंडिया' शब्द औपनिवेशिक उपहास से बहुत ज्यादा प्रभावित था।"

उनके मुताबिक, इस सच्चाई से इनकार नहीं किया जा सकता था कि संस्कृत के पूरे साहित्य में कहीं भी 'इंडिया' का जिक्र नहीं किया गया है। न बौद्ध या जैन ग्रंथों में यह नाम पाया जाता है।

इसके अलावा दक्षिण एशिया में बोली जाने वाली किसी दूसरी भाषा में भी यह शब्द मौजूद नहीं है।

जॉन की के अनुसार, 'मोहम्मद अली जिन्ना का यह मानना था कि कोई भी देश ब्रिटिश सरकार द्वारा दिए गए 'इंडिया' नाम को नहीं अपनाना चाहेगा।

हालांकि, उन्हें अपनी इस गलतफहमी का अहसास उस समय हुआ जब आखिरी ब्रिटिश वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन ने नेहरू की इस मांग को स्वीकार कर लिया था कि उनके देश को 'इंडिया' कहा जाएगा।

वह आगे लिखते हैं कि 'माउंटबेटन के मुताबिक, जिन्ना को जब यह पता चला कि वे (नेहरू और कांग्रेस पार्टी) खुद को इंडिया कहलाने जा रहे हैं तो वो बहुत गुस्से में थे। इस शब्द के इस्तेमाल से उपमहाद्वीप की श्रेष्ठता का अहसास होता, जिसे पाकिस्तान कभी स्वीकार नहीं करता।

इतिहासकार जॉन की के मुताबिक, मोहम्मद अली जिन्ना की आपत्तियों की एक बड़ी वजह यह भी थी कि बुनियादी तौर पर सिंधु नदी के आसपास के क्षेत्र को 'इंडिया' कहा जाता था, जिसका ज्यादातर हिस्सा पाकिस्तान में था।

इतिहासकार आयशा जलाल के अनुसार, विभाजन के बाद माउंटबेटन 'यूनियन ऑफ इंडिया' और पाकिस्तान दोनों के लिए गवर्नर-जनरल के तौर पर काम जारी रखने के लिए तैयार थे।

आयशा जलाल लिखती हैं कि मुस्लिम लीग के नेता पाकिस्तान को एक अलग और स्वतंत्र देश बनाए रखने की अपनी क्षमता को लेकर काफी घबराए हुए थे। उन्होंने कांग्रेस के इरादों पर अविश्वास जताया और मुस्लिम लीग इंडिया द्वारा 'यूनियन' की उपाधि अपनाने के खिलाफ विरोध करती रही।

इंडियन एक्सप्रेस' में प्रकाशित हुई एक रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण एशियाई कानून के प्रोफेसर मार्टिन लाउ अपने शोधपत्र 'इस्लाम एंड द कॉन्स्टिट्यूशन फाउंडेशन ऑफ पाकिस्तान' में एक पत्र का हवाला देते हैं।

यह पत्र जिन्ना की तरफ से इंडिया के पहले गवर्नर जनरल लॉर्ड माउंटबेटन को लिखा गया था। इस पत्र में जिन्ना ने शिकायत की थी कि 'इंडिया' नाम 'भ्रामक' और उलझन पैदा करने वाला है।

सितंबर 1947 में लंदन में भारतीय कला की एक प्रदर्शनी लगी थी। माउंटबेटन ने मोहम्मद अली जिन्ना को इस प्रदर्शनी का मानद अध्यक्ष बनने के लिए आमंत्रित किया था।

लाउ लिखते हैं कि 'इंडिया' नाम इस्तेमाल होने की वजह से मोहम्मद अली जिन्ना ने इस निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने माउंटबेटन को लिखा, "दुख की बात है कि किसी रहस्यमय वजह से हिन्दुस्तान ने 'इंडिया' शब्द को अपना लिया है, जो निश्चित तौर पर भ्रामक है और इसका मकसद उलझन पैदा करना है।"

भारत के विभाजन से पहले भी मुस्लिम लीग ने 'यूनियन ऑफ इंडिया' नाम पर आपत्ति जताई थी, हालांकि ऐसा क्यों किया गया था इसका स्पष्टीकरण बहुत कम दिया गया था।

सितंबर 1949 को विभाजन के दो साल बाद, जब भारत की संविधान सभा ने संविधान के मसौदे पर बहस शुरू की, तो देश के लिए 'हिंदुस्तान' नाम पर भी विचार किया गया, लेकिन इसे खारिज कर दिया गया।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद एक में अंग्रेजी संस्करण में 'इंडिया' और 'भारत' का इस्तेमाल किया गया है और हिंदी संस्करण में 'भारत' का इस्तेमाल किया गया है।

जाहिर तौर पर अभी तक 'इंडिया' नाम को वास्तव में किसी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा और मीडिया में भी इसका इस्तेमाल होने लगा। हालांकि, राजनीतिक उतार चढ़ाव के दौरान कई बार इंडिया की बजाय 'भारत' नाम को बरकरार रखे जाने की मांग कई बार उठी।

# कनाडा : चेरी-पिकिंग की छूट नहीं

**ऋषभदेव शर्मा**

**संयुक्त** राष्ट्र महासभा में 26 सितंबर, 2023 को दिए गए भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर के संबोधन को भारत के वैश्विक सरोकारों और भविष्य के लिए उसके दृष्टिकोण पर एक महत्वपूर्ण और विचारोत्तेजक बयान कहा जाना चाहिए। उन्होंने अपने भाषण में वैश्विक आर्थिक स्थिति, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास की चुनौतियों और बहुपक्षवाद के महत्व सहित कई मुद्दों पर बात की। उन्होंने अधिक समावेशी और समृद्ध विश्व के निर्माण के लिए अपने साझेदारों के साथ काम करने की भारत की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया।

विदेशमंत्री के संबोधन का एक प्रमुख विषय अधिक समावेशी और न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था की आवश्यकता रहा। उन्होंने कहा कि वे दिन खत्म हो गए हैं जब कुछ देश एजेंडा तय करते थे और उम्मीद करते थे कि अन्य लोग भी उनके साथ आ जाएँगे। कहना न होगा कि उनका इशारा निज्जर हत्याकांड पर कनाडा की आपत्तिजनक टिप्पणी और उस पर अमेरिका की प्रतिक्रिया की ओर था। भारतीय विदेशमंत्री ने एक ऐसी दुनिया का आह्वान किया जिसमें भविष्य में सभी राष्ट्रों की आवाज और हिस्सेदारी हो। उन्होंने इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों से निपटने में बहुपक्षवाद के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र बहुपक्षीय सहयोग के लिए प्रमुख मंच है और उन्होंने सभी सदस्य देशों से संगठन को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। वैश्विक अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर उन्होंने अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सतत विकास और समावेशी विकास पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने गरीबी और असमानता के अंतर्निहित कारणों को संबोधित करने के महत्व पर भी जोर दिया। साथ ही, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों और तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन के प्रति सबसे संवेदनशील देशों में से एक है, लेकिन उन्होंने उत्सर्जन को कम करने और अधिक टिकाऊ भविष्य के निर्माण के लिए अपने भागीदारों के साथ काम करने की भारत की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया। अपने इस संबोधन में विदेशमंत्री ने, जून 2023 में कनाडा की धरती पर एक खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर परोक्ष रूप से कनाडा पर उचित ही कटाक्ष किया। याद रहे कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने गत दिनों आरोप लगाया था कि भारत इस हत्या में शामिल हो सकता है। लेकिन भारत ने इन आरोपों से इनकार किया है। विदेशमंत्री ने साफ साफ कहा कि किसी भी देश को आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा पर प्रतिक्रिया राजनीतिक सुविधा के हिसाब से निर्धारित करने की छूट नहीं दी जा सकती। इस बयान को भारत के खिलाफ कनाडा के आरोपों के सीधे संदर्भ के रूप में देखा जाना चाहिए। विदेशमंत्री ने यह भी कहा कि प्रामाणिक सबूतों के अभाव में किसी को भी किसी अन्य की क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने के सिद्धांत के उल्लंघन की इजाजत नहीं दी जा सकती। निराधार आरोप लगाने की इस प्रवृत्ति को उन्होंने 'चेरी-पिकिंग' का नाम दिया। कहना न होगा कि इस तरह कूटनीतिक शैली में उन्होंने खालिस्तानी अलगाववादियों को कनाडा के समर्थन की आलोचना की।

# इंडिया का ये कैसा गठबंधन ? लोकसभा में दोस्ती कि बातें , विधानसभा में बैर

**अशोक भाटिया**

**हाल** ही में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के घटकदल हाल फिलहाल एक-दूसरे से मुकाबला कर रहे हैं। आज समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत कर चुके है । बुधवार को समाजवादी पार्टी अध्यक्ष रीवा पहुंचें जहां सिरमौर निर्वाचन क्षेत्र में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया । अखिलेश यादव गठबंधन के तहत मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में समाजवादी पार्टी के लिए सीट मांग रहे हैं। ऐसे में उनका दौरा बेहद अहम हो जाता है।

दरअसल इस साल के अंत तक मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव होने जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष पहले ही एलान कर चुके हैं कि उनकी पार्टी मिजोरम को छोड़कर बाकी चार राज्यों में भी चुनाव लड़ेगी। मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी पहले ही अपने छह उम्मीदवारों के नामों का एलान कर चुकी है तो वहीं छत्तीसगढ़ को लेकर भी तैयारी की जा रही है। समाजवादी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में भी 40 निर्वाचन क्षेत्रों की सूची तैयार की है, जहां से पार्टी ने चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है।

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव चाहते हैं कि अब उत्तर प्रदेश से बाहर भी पार्टी का विस्तार किया जाए और समाजवादी पार्टी को राष्ट्रीय स्तर की पार्टी में बदला जाए। पिछले काफी समय से वो इसकी कोशिशें भी करते आ रहे हैं। 2024 से पहले समाजवादी पार्टी अब विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन का हिस्सा भी बन गई है। ऐसे में वो दूसरे राज्यों में भी अपनी ताकत को दिखाकर 20 24 में कुछ ज्यादा सीटें हासिल करना चाहेगी।

वर्ष 2018 के चुनाव में पार्टी ने 52 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे थे, हालांकि उसे सिर्फ एक सीट मिली थी। वर्ष 2013 में पार्टी ने 164 सीट पर किस्मत आजमाई थी, पर पार्टी किसी भी सीट पर जीत दर्ज करने में विफल रही थी। अगस्त महीने में मध्यप्रदेश में विधायक रह चुके लक्ष्मण तिवारी ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। वहीं सतना के जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव संजय सिंह भी समाजवादी पार्टी में शामिल हुए थे। जाहिर-सी बात है कि मध्यप्रदेश में समाजवादी पार्टी का एक्टिव होना कहीं ना कहीं कांग्रेस के लिए परेशानी का सबब बन सकता है।इसके पहले समाजवादी पार्टी ने ऐलान किया था कि आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव में राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधानसभा से पूर्व विधायक सूरजभान धानका समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी होंगे। अखिलेश ने सोशल मीडिया पर लिखा- ह्यघोसी की घोषणाह्ल पूरे देश के लिए संदेश बन गई है।

वहीं, राजस्थान में भी समाजवादी पार्टी इस बार पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में उतरने की बात कह रही है। राजस्थान के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और जनता दल के राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष रहे अर्जुन देथा ने अखिलेश यादव से लखनऊ में मुलाकात की। चुनावी रणनीति पर चर्चा की।जबकि छत्तीसगढ़ में भी पार्टी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। इसे अखिलेश यादव के पॉलिटिकल स्ट्रेटजी भी माना जा रहा है क्योंकि अगर इन राज्यों में कांग्रेस समाजवादी पार्टी के साथ सीटों पर कोई तालमेल नहीं करती है तो उसका सीधा असर उत्तर प्रदेश में भी सीट बंटवारे पर पड़ेगा।

वर्ष 2018 के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में 85 सीट, मध्य प्रदेश में 208 सीट, राजस्थान में 142 सीट और तेलंगाना में 41 सीट पर अपनी किस्मत आजमाई थी। पर पार्टी किसी राज्य में कोई सीट जीतने में विफल रही थी। हालांकि, 2018 के चुनाव में रालोद ने राजस्थान में एक सीट जीती थी।छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव इसी साल के अंत में होने हैं। राज्य में अभी कांग्रेस की सरकार है। ऐसे में अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने घोषणा की है कि वो राज्य की सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी आप के मध्य प्रदेश प्रभारी बीएस जून ने कहा कि उनकी पार्टी मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ेगी। रविवार को उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस साल के अंत में प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में सभी 230 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चुनाव के लिए जल्द ही प्रत्याशियों के नामों की सूची जारी करेगी। उन्होंने कहा था कि मध्य प्रदेश में आम आदमी पार्टी पूरी मुस्तैदी से चुनाव की तैयारी में जुटी है। प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों पर हम चुनाव लड़ेंगे और चुनाव जीतेंगे। प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही प्रत्याशियों के नामों की सूची भी जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चयन में सिर्फ सर्वेक्षण ही टिकट देने का मापदंड होगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के हर जिले में हम ह्यपरिवर्तन यात्राह्ल निकाल रहे हैं। जिसका समापन चार अगस्त को होगा। जून ने दावा किया कि ह्यपरिवर्तन यात्राह्ल के दौरान लोगों का आम आदमी पार्टी के प्रति एक जुड़ाव दिख रहा है और हमें अपार जनसमर्थन मिल रहा है।

आप पार्टी का मानना है कि जनता मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस का विकल्प चाहती है और उसे ह्यआपह्लविकल्प के तौर पर दिख रही है। दिल्ली से आप के विधायक जून ने कहा कि मध्य प्रदेश में हम बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने दावा किया कि मध्य प्रदेश में जनता ह्यआपह्ल के साथ है और पार्टी की मध्य प्रदेश में सरकार बनेगी। सरकार बनने के बाद दिल्ली की तरह ही मध्य प्रदेश में हम शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी की सुविधाएं लोगों को देंगे।

इस साल के अंत में होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी सभी 230 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी ने लोगों को जुड़ने के लिए मिस कॉल नंबर भी जारी किया हुआ है। इसके साथ ही ये भी वादा किया है कि जो फ्री सुविधाएं पंजाब और दिल्ली में आप सरकार दे रही है। उसे मध्य प्रदेश में भी दिया जाएगा।

इस बयान से आपको समझ में आ गया होगा कि मध्य प्रदेश में भी आम आदमी पार्टी उसी रणनीति के साथ उतरने की तैयारी में है जिसके चलते वह पंजाब और दिल्ली में सत्ता के सिंहासन पर पहुंची और इसी के दम पर वह गुजरात विधानसभा में एंट्री करवाई। वैसे, आम आदमी पार्टी के मध्य प्रदेश की सभी सीटों पर ऐलान के साथ ही कांग्रेस की टेंशन बढ़ गई है। 2018 के विधानसभा चुनाव में जोरदार टक्कर देने वाली कांग्रेस खेमे में ये आशंका है कि कहीं आम आदमी पार्टी गुजरात की तरह ही खेल न बिगाड़ दे।

# संचारी रोग से मुक्ति पाने को चलेगा अभियान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शासन के निर्देश पर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी में ईओ लालजी यादव की अध्यक्षता में वार्ड मेम्बरों की बैठक में संचारी रोगों से मुक्ति पाने व रोकथाम को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की रणनीति बनाई।

बुधवार को हुई बैठक में प्रत्येक वार्ड में सफाई अभियान चलाने का निर्णय हुआ। यूनिसेफ बीएमसी दिनेश कुमार ने संचारी अभियान एवं संचारी रोगों के बारे में जानकारी दी। बताया कि बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से रोकथाम को टीका लगता है। अभियान को सफल बनाने को वार्ड मेम्बरों से सहयोग की अपील की। हर बुधवार व शनिवार को एएनएम टीकाकरण करती है।

नगर पालिका के ईओ लालजी यादव ने बताया कि तीन अक्टूबर से एक माह तक विशेष स्वच्छता अभियान चलेगा। हर वार्ड में पूरी टीम पहुंचकर साफ-सफाई करेगी। अभियान को सफल बनाने को एंटी लारवा का छिड़काव होगा। कहीं भी जल भराव नहीं रहेगा, क्योंकि जहां जल ठहराव होता है, वहां मच्छर पनपते हैं। मच्छरों से ही संचारी रोग होता है। संचारी रोगों से दूर रहने को अपने आसपास साफ-सफाई रखना जरूरी है। रोगों से मुक्ति को बच्चों को टीका अवश्य लगवायें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से दिनेश कुमार, जयशंकर गुप्ता, विनीत पयासी, शंकर यादव, पवन बद्री, अनुज निगम, शुभम केशरवानी, शिव प्रसाद कुशवाहा, कान्हा केसरवानी, डॉ ओंकार यादव, प्रसाद विश्वकर्मा, शहजादे भाई, नगर पालिका के कर्मचारी रवि, ज्ञानेंद्र, कौशल, लवकुश, सफाई नायक जावेद, दुलीचंद, सुनील, अमित, अंकित जायसवाल, आमिर खान, वारिस खान आदि मौजूद रहे।

# पीएम ने स्वच्छता से दुनिया को जोडा: लवकुश

## सेवा पखवाडे में दलित बस्तियों में चला सफाई अभियान - सफाई कर्मियों के पैर धुलकर पीएम ने बढाया मान: सांसद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओ, जनप्रतिनिधियों ने दलित बस्ती मे घर-घर सम्पर्क किया। स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई की। घर-घर सम्पर्क में नई बस्ती, चितरा, लोधौरा बरेठी, अतरौली, खटवारा में खासतौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी, सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल मौजूद रहे।




बुधवार को जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने दलित बस्तियों में घर-घर सम्पर्क व स्वच्छता अभियान दौरान कहा कि स्वच्छता से बीमारियां दूर होती हैं। देश के प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान चलाकर खुद हाथों में झाडू लेकर देश ही नहीं दुनिया के लोगो को स्वच्छता से जोडने का काम किया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अन्तिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा में लाना भाजपा का उद्देश्य है। यही काम प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कर रहे है। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सफाई कर्मियो के पैर धुलकर मान बढाने का काम किया। विकास की योजनायें दलित भाईयों के लिये भाजपा सरकार चला रही है। पूर्ववर्ती सरकारो मे दलित भाई सिर्फ वोटर के रुप मे रहे हैं। उनकी सुध लेने वाला कोई नही रहता था, भाजपा की जब से सरकार देश-प्रदेश में बनी है, तब से दलित भाईयो का मान-सम्मान बढाने का काम किया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि भाजपा ही मात्र ऐसा दल है जहां न जातिवाद है, न परिवारवाद। सभी जाति वर्ग के लोगो का बराबर सम्मान है। सरकारों व संगठन मे उचित सम्मान देने का काम हुआ है। चेयरमैन कर्वी नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मूल मंत्र पर काम कर रही है। डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता जीवन में बहुत जरुरी है। यह तभी सम्भव है, जब हम सब सहयोग करें। कार्यक्रम संयोजक सुरेश अनुरागी ने दलित बस्तियों में सम्पर्क कर स्वच्छता चलाने का काम करेंगी। दलित बस्तियों में सम्पर्क व स्वच्छता कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, सुशील द्विवेदी, गंगाधर मिश्रा, सुशीला वर्मा ने अपने-अपने ब्लाको मे दलित बस्तियों सम्पर्क कर स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम में प्रेमलाल बाल्मीकि, राकेश कोल, रामचन्द्र वर्मा, तीरथ वर्मा, रामदास कोटार्य, लक्ष्मी वर्मा, राजू वर्मा, श्रवण त्रिपाठी, शक्ति सिंह, शिवाकान्त पांडेय आदि मौजूद रहे।

## पति ने शराब के नशे में फांसी लगा दी जान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के सिकरी गांव में पति-पत्नी विवाद के बाद पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

ये हादसा मंगलवार की शाम राजापुर थाना क्षेत्र के सिकरी गांव में हुआ। बताया गया कि लालजी पुत्र भूम्भूल शाम को शराब के नशे में घर पहुंचा। पत्नी संगीता ने बताया कि नशे में उससे लड़ाई की। रात्रि में खाना खाने के समय घर से भाग गया। परिजन उसे रात भर ढूंढते रहे। घर से करीब तीन किमी दूर महुआ पेड़ पर रस्सी के फंदे पर लटका शव मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर शव को फंदे से उतारा। संगीता ने बताया कि लाल मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। इस बाबत राजापुर थाना प्रभारी भास्कर मिश्रा ने कहा कि पारिवारिक कलह की सूचना मिली है। आत्महत्या प्रतीत हो रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मामला साफ हो जाएगा।

## मऊ पुलिस ने एक के कब्जे से तीस क्वार्टर शराब की बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा बालकिशुन की टीमने विनय पुत्र कामता प्रसाद निवासी बराछी सुहेल के कब्जे से तीस क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा बालकिशुन, सिपाही नागेश कुमार व मनीष यादव शामिल रहे।

## पुलिस ने चोर को दबोच पकडे पांच मोबाइल फोन

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर जंक्शन में टेज्नों के आवागमन दौरान मोबाइल चोरों का गिरोह खासा सक्रिय है।

बुधवार को मोबाइल चोर धर्मेन्द्र शर्मा पुत्र मनोज शर्मा निवासी कल्ला पोस्ट त्योंधारी थाना अमरपाटन जिला सतना मप्र के कब्जे से पुलिस ने रेलवे स्टेशन बांसा पहाड से दबोचा। चोर के कब्जे से पुलिस को पांच मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस टीम के प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार मिश्रा, दीवान इकरार अहमद, दीवान शफीक अहमद, सिपाही धीरेन्द्र तिवारी व यशराज ने चोर से पूंछताछ के बाद बताया कि टेज्नों में ये चोर ज्यादातर यात्रियों के मोबाइल चोरी करने का काम करते हैं। ये चार्जिंग में लगे या सीटों पर रखे अथवा जेब से लोगों के मोबाइल फोन चुराने का काम करते हैं। फिलहाल पुलिस ने एक चोर धर्मेन्द्र शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## एसपी के निर्देश पर 62 पुलिस कर्मियों ने लिया साइबर प्रशिक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक दिवसीय साइबर अपराधों से बचाव को प्रशिक्षण कार्यशाला हुई।

बुधवार को कार्यशाला में जिले के सभी थानों के निरीक्षक, उपनिरीक्षक, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं सिपाही समेत 62 लोगों ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में साइबर अपराधों की विवेचना को डिजिटल, फॉरेन्सिक एवं अन्य साइबर तकनीकी ज्ञान के बारे में जानकारी दी गई। ऑनलाइन प्रशिक्षण पोर्टल सीवाईट्रेन से साइबर क्राइम टेज्निंग का बेसिक कोर्स कराया गया। प्रशिक्षण कायार्शाला में क्षेत्राधिकारी कार्यालय एसपी सोनकर, प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक विजय सिंह की मौजूदगी में साइबर सेल में तैनात सिपाही प्रशांत कुमार ने सभी को प्रशिक्षण दिया।

## टैंक में डूबने से बालक की मौत, दूसरे दिन उतराता मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र के छह वर्षीय बालक की टैंक में डूबने से मृत्यु हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ये हादसा कर्वी कोतवाली के बूढा सेमरवार गांव में हुआ। बताया गया कि छह वर्षीय बालक शनि अपने घर के बाहर खेल रहा था। मंगलवार को अपरान्ह तीन बजे मां पशुओं को चारा डालने गई थी। पशु बाड़ा से मां छह बजे घर पहुंची। शनि घर से लापता था। परिजन उसे ढूंढने में जुट गए। रात में परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पूरी रात ढूंढते रहे वह नहीं मिला। बुधवार को सवेरे राजेंद्र के पशु बाड़े में बने शौचालय टैंक में शव तैरता पत्नी ने देखा। शनि के परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। परिजनों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

## पितृपक्ष को करायें नदी घाटों की सफाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पितृपक्ष में पूर्वजों के पिंडदान और तर्पण को बुंदेली सेना ने सिंचाई विभाग से नदी घाटों और नगर पालिका से सीढ़ियों और घाटों के आसपास के परिसर की विधिवत सफाई चूना-कलई आदि डलवाने की मांग की है।

बुधवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि कर्वी के पुलघाट, सुंदर घाट समेत सीतापुर में पन्नालाल घाट, रामघाट में लोग नित्य पूर्वजों को तर्पण देते हैं। तीर्थक्षेत्र में बड़ी तादाद में लोग पूर्वजों के पिंडदान को आते हैं। ऐसे में नदी घाटों की विधिवत सफाई जरूरी है। पुलघाट, पन्नालाल घाट में सीढ़ियों में काई की समस्या है। घाट की सीढ़ियों व परिसर की विधिवत सफाई की जरूरत है। पूरे 15 दिन तक लोग रोज इन घाटों में जायेंगे। ऐसे में यहां सफाई के साथ चूना-कलई भी डलवाने की जरूरत है, ताकि लोगों को सुखद एहसास हो।

## सडक किनारे कीमती भूमि पर भू-माफिया की निगाहें गडी

### गरीब किसान भू-माफिया से बचने को लगा रहे गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** दबंग भू-माफिया 70 साल से काबिज किसान की भूमि पर दबंगई के बूते कब्जा करना चाहता है। मारकुण्डी थाना क्षेत्र के छेरिहाखुर्द गांव के मेवालाल व भाई संपत पुत्र जागेश्वर ने गाटा संख्या 365/25 पर 70 वर्षों से घर बनाकर रहते हैं। सडक किनारे कीमती भूमि होने से गांव के ही कुछ भू-माफियाओं की निगाहें गड़ गईं।



बुधवार को भू-माफियाओं की हरकत का खुलासा हुआ। बताया गया कि नाथू पुत्र बसंता जो मप्र का निवासी है। उसके नाम फर्जी पट्टा करवाकर उमेश बाबू पुत्र सियाराम निवासी मोहल्ला मेहंदी बाग तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर ने एससी के नाम बैनाकर कराकर उदयभान सिंह पुत्र रामखेलावन सिंह निवासी चक भदेसर तहसील मऊ के नाम ट्रांसफर्र करा दिया है। इसका नंबर 365/35 है। वह मेवालाल व संपत पुत्र जागेश्वर की 365/25 भूमि पर कब्जा करने की फिराक में हैं। दस दिन पहले तकरीबन डेढ़ दर्जन लोग हाथों में तमंचे से लैस मेवालाल व संपत पुत्र जागेश्वर के घर में घुसकर कहने लगे कि ये जमीन व घर हमारा है। इसे खाली कर दो, वरना सबको जान से हाथ धोना पड़ेगा। उस समय घर में महिलायें थी, कोई पुरुष नहीं था। मेवालाल व संपत यादव बेहद गरीब हैं।

इनकी सडक किनारे कीमती जमीन देखकर भू-माफियाओं की निगाहें लगी हैं। इसे लेकर भू-माफिया तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर गरीब किसानों को बेदखल कर जमीन हड़पना चाहते हैं। कभी डर दिखाकर बेचने को कहते हैं, कभी फर्जी दीवानी मामला दायर करते हैं, हकीकत ये है कि नाथू पुत्र बसंता निवासी मप्र का छेरिहा में कभी किसी जमीन पर कब्जा नहीं था। जबरियां बैनामर कराकर दूसरे की जमीन गांव के ही एक दबंग भू-माफिया के इशारे पर बाहरी भू-माफिया कब्जा करना चाहते हैं। पीड़ितों ने स्थानीय प्रशासन समेत जिला प्रशासन से अपनी फरियाद सुना रहे हैं। फिलहाल उन्हें कहीं न्याय मिलता नहीं दिख रहा है।

## सीएम सामूहिक विवाह में आवेदन में बरतें सतर्कता: डीएम

### 898 लक्ष्य इसी वर्ष करें पूरा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आवेदन आमंत्रित करने बाबत जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 2023-24 को 898 के लक्ष्य के सापेक्ष क्रमशः विकास खंडवार व नगर निकाय पर दिये गये हैं।



बुधवार को कलेक्टेज्ट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने उन्हें बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब लोगों की पुत्री की शादी को सामूहिक विवाह को योजना चलाई जा रही है। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि सचिवों-प्रधानों को अधिक से अधिक फार्म देकर आवेदन करायें। उन्होंने कहा कि फार्म आवेदन में खासतौर पर सतर्कता बरतें, लापरवाही न हो। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि मुहूर्त देखकर सामूहिक विवाह रखा जाए। जितने आवेदन आते हैं, उन्हें इसी वर्ष सम्पन्न करायें। जिला समाज कल्याण अधिकारी व खंड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि तालमेल से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना करायें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम मानिकपुर रामजन्म यादव, मऊ एसडीएम राकेश पाठक, राजापुर एसडीएम प्रमोद कुमार झा, कर्वी एसडीएम राजबहादुर, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, बीडीओ कर्वी आस्था पांडे, मानिकपुर धनंजय सिंह, उप कृषि निदेशक राजकुमार आदि मौजूद रहे।

## शक्ति दीदी-मिशन शक्ति अभियान में बच्चों को किया जागरुक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर महिलाओं/बालिकाओं में सुरक्षा एवं भरोसे का माहौल बनाने की गरज से जारी मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान में चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर ने कम्पोजिट जूनियर हाईस्कूल गौहानी कला में छात्र/छात्राओं को स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट के तहत पुलिस कार्यशैली के बारे में जानकारी दी। बुधवार को हुई गोष्ठी में स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट के बच्चों को सुरक्षा व सहायता को महिला व बाल अपराध के बारे में प्रशिक्षित कर जागरूक किया। शासन से जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर 1090 वीमेन पावरलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा व थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। शासन के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट भी बांटे। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को मिशन शक्ति एवं शक्ती दीदी के तहत बताया कि उनके साथ हो रहे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न बाबत पुलिस से चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो, ताकि उत्पीड़न को रोका जा सके। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को गुड-टच, बैड-टच के बारे में जानकारी दी गई। अक्सर छोटे-छोटे बच्चों को जानने वाले ही बैड-टच करते हैं। हम समझ नहीं पाते। इस सम्बन्ध में खुलकर



## माकपा लडेगी मजदूरों की लडाई: रुद्र प्रसाद मिश्रा, सामंती मानसिकता से नहीं मिल रहा न्याय

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मजदूरों को न मजदूरी मिलती, न शिकायत पर अधिकारी कोई कार्यवाही करते हैं। मजदूरों के घर उजाड़ने में देरी नहीं लगाते। अब मजदूरों ने अन्याय के खिलाफ लाल झंड़े के नीचे आने का फैसला किया है।




ये बात बुधवार को माकपा जिला सचिव का रूद्रप्रसाद मिश्र एड ने मजदूरों की समस्याओं पर कहा कि अब उनकी लड़ाई माकपा लड़ेगी। सामंती मानसिकता के लोग मजदूरों से काम लेते हैं। मजदूरी मांगने पर मारपीट की धमकी देकर गाली-गलौज करते हैं। पुलिस प्रशासन शिकायत पर थाने से भगा देते हैं। सरकार पर सामंती मानसिकता के लोगों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि खुलेआम गरीबों के झोपड़े बुलडोजर से ढहा दिये जाते हैं। मजदूरों को खुले आसमान तले सोने को मजबूर किया जाता है। सेमरवार गांव के मजदूरों ने सुलेमान नामक किसान के खेत में ठेके पर धान के बेड लगाने का काम किया। कुछ महिला मजदूरों ने दैनिक मजदूरी पर धान के बेड उखाड़ने का काम किया, लेकिन मजदूरी मांगने पर सुलेमान ने अनुसूचित जाति की महिला मजदूरों को गालियां दिया। शिकायत पर पुलिस ने भी भगा दिया। ऐसे में मजदूर कहां जायें। मजदूरों ने कर्वी कोतवाली में तहरीर दी, पुलिस ने भगा दिया। शिकायती पत्र फाड़कर फेंक दिया। का रूद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि मजदूरों की लड़ाई अब पार्टी लड़ेगी।

## कबरई की कल्पना को न्याय दिलाने को निकाला कैंडिल मार्च, साहू समाज आक्रोशित



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा के मंडल अध्यक्ष बांदा-चित्रकूट शिवकुमार साहू की अगुवाई में धनुष चैराहा कर्वी में कैंडिल मार्च निकालकर कबरई के मृतक बालिका कल्पना साहू को श्रृद्धांजलि दी गई। शासन से मांग की गई कि घटना का जल्द खुलासा किया जाये।

बुधवार को मंडल अध्यक्ष शिवकुमार साहू ने बताया कि 19 सितम्बर को कबरई की कल्पना साहू (21) घर से मन्दिर दर्शन को गई थी। मन्दिर से ही लापता हो गई। उसका शव 20 सितम्बर को कबरई स्थित वर्मा तालाब में मिला था। गले में धारदार हथियार के निशान थे। मृतका की मां के आरोप हैं कि बच्ची के साथ कुछ लोगों ने दुष्कर्म कर हत्या की है। एक सप्ताह से ज्यादा समय गुजरने के बाद भी मां-बाप ने नामजद लोगो के खिलाफ तहरीर दी थी, अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। पूरा परिवार दुखी है। साहू समाज भी आक्रोशित है। साहू समाज के लोगो ने शान्ति पूर्वक कैन्डिल मार्च निकालकर धनुष चैराहा कर्वी में मृतक बालिका को श्रृद्धांजलि दी। प्रशासन से मांग किया कि दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। कैन्डिल मार्च दौरान शिवकुमार साहू, रामनारायण साहू, गुलाब साहू, आशीष साहू, संजय साहू, शिवनरेश, रेवतीरमण, शारदा, राजा साहू, मनोज, मतगंजन, महेश उर्फ मद्दू साहू, जगतपाल, सुभाष, राजा समेत आधा सैकडा लोग मौजूद रहे।

## तीन हत्यारोपियों को हुआ आजीवन कारावास, 20-20 हजार का जुमार्ना भी हुआ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस महानिदेशक के निर्देश में जारी ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वाद में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी कुमार सिंह व पैरोकार धनेश कुमार मिश्रा ने तीन आरोपियों को आजीवन कारावास तथा बीस-बीस हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित कराया है।


बुधवार को मानीटरिंग सेल प्रभारी जय प्रकाश उपाध्याय की पैरवी एवं अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह की प्रभावी बहस के नतीजतन न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने बरगढ़ थाने में दर्ज हत्या के आरोपी रुकसाना उर्फ पूजा उर्फ सुनीता पत्नी महबूब अली ड्राइवर, महबूब अली डाइवर पुत्र उस्मान अली निवासी मंडी के पीछे कस्बा थाना बरगढ़ व आजाद अली पुत्री रियाज अली निवासी शिवपुर थाना पनवार जिला रीवा मप्र को आजीवन कारावास व 20-20 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

ज्ञात है कि 18 सितम्बर 2019 को श्रीमती फिरदोस बेगम पत्नी अब्दुल वहीद उर्फ छन्नू निवासी मंडी के पीछे कस्बा बरगढ़ ने थाने में सूचना दी कि रुकसाना उर्फ पूजा उर्फ सुनीता, महबूब अली ड्राईवर व आजाद अली ने उसके पति अब्दुल वहीद उर्फ छन्नू की चाकू मारकर हत्या कर दी है। थाने में हत्या का मामला तीनों के खिलाफ दर्ज हुआ। तत्कालीन वरिष्ठ दरोगा दिनेश कुमार सिंह ने मामले की विवेचना कर 17 नवम्बर 2019 को अभियुक्तों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## मातृ-शिशु मृत्यु दर रोकने को दिया प्रशिक्षण, सीएमएस की देखरेख में हो रही कार्यशाला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मातृ-शिशु मृत्यु दर रोकने समेत संस्थागत प्रसव को बढावा देने को संयुक्त जिला चिकित्सालय में प्रशिक्षण कार्यशाला सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा की देखरेख में हुई।




बुधवार को कार्यशाला में प्रसव की जटिलता के बारे में जानकारी दी गई। एक जून से पहले बैच के साथ लगातार कार्यशाला जारी है। कार्यशाला में प्रसव की जटिलता के निस्तारण की बाबत प्रशिक्षण दिया गया। सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा ने बताया कि स्किल बर्थ अटेंडेन्ट प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रसव पूर्व, प्रसव दौरान एवं प्रसव के बाद माता एवं शिशु को सुरक्षित बनाता है। प्रसव दौरान किसी भी जटिलता की दशा में आकस्मिक चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था एवं आवश्यकतानुसार संदर्भन करना, ताकि गुणवत्ता पूर्वक प्रसव सेवायें दी जा सकें। संयुक्त जिला चिकित्सालय में 21 दिवसीय एसबीए टेज्निंग के समापन पर डॉ सुधीर शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ-शिशु मृत्यु दर रोकने व संस्थागत प्रसव को बढावा देने में स्टाफ नर्स व एएनएम की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि जिले में सात बैच को पूर्णरुप से राज्य स्तर से निर्देश मिले थे। चार बैचों का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक हो चुका है। प्रशिक्षण में स्टाफ नर्स को मौके पर प्रसव में आने वाले जटिलता की भौतिक एवं मौखिक जानकारी दी जाती है। ये प्रशिक्षण में सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा की देखरेख में यूपीआईएसयू टीम वरिष्ठ विशेषज्ञ/डॉक्टर उपलब्धि, जिला नर्सिंग विशेषज्ञ नम्रता अग्रहरि, डॉ हरिश्चन्द्र अग्रवाल, डॉ रफीक अंसारी, स्टाफ नर्स विभा जायसवाल, ज्योति गुप्ता ने बतौर मास्टर टेज्नर प्रशिक्षण दे रही हैं।

## जीएसटी परिषद की बैठक सात अक्टूबर को, कई अहम फैसले संभव

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की अगली बैठक सात अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में होगी। केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले होने की संभावना है।

जीएसटी परिषद ने एक्स पोस्ट पर दी जानकारी में बताया कि जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक सात अक्टूबर, 2023 को राजधानी नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में होगी। इस बैठक में ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर लगने वाली जीएसटी दर सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

इससे पहले जीएसटी परिषद की 51वीं बैठक 2 अगस्त को संपन्न हुई थी। इस बैठक में कैसिनो, घुड़दौड़ और ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी दरों को लेकर परिषद ने फैसला लिया था। इन तीन मदों पर जीएसटी की दर 28 फीसदी निर्धारित की गई थी। जीएसटी परिषद की बैठक में राज्यों के वित्त मंत्री भी शामिल थे।

## विस्तारा मर्जर: एयर इंडिया-विस्तारा के मर्जर को सीसीआई ने दी मंजूरी, प्रतिस्पर्धा से बचाव का ये है प्लान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया और सिंगापुर एयरलाइंस दिल्ली-सिडनी और दिल्ली-पेरिस सहित विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई मार्गों पर न्यूनतम क्षमता सुनिश्चित करेंगी। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एक सितंबर को एयर इंडिया के साथ विस्तारा के प्रस्तावित विलय को मंजूरी दे दी, जिसमें सिंगापुर एयरलाइंस भी एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। प्रस्तावित विलय के कारण प्रतिस्पर्धा संबंधी कुछ चिंताएं नियामक ने उठाई थीं और उन्हें दूर करने के लिए विमानन कंपनियों ने विलय के संबंध में कुछ प्रतिबद्धताएं जताई हैं। प्रतिबद्धताओं के अनुसार, एयर इंडिया ने स्वेच्छा से घरेलू और विदेशी मार्गों पर कुछ अतिव्यापी ओ एंड डी (उत्पत्ति और गंतव्य) पर 'न्यूनतम क्षमता/आपूर्ति स्तर÷ बनाए रखने की पेशकश की है। सीसीआई के 73 पन्नों के आदेश के अनुसार घरेलू खंड में भुवनेश्वर-दिल्ली, बेंगलुरु-गुवाहाटी, कोचीन-दिल्ली, दिल्ली-तिरुवनंतपुरम, अमृतसर-दिल्ली, भुवनेश्वर-मुंबई और बेंगलुरु-दिल्ली शामिल हैं। जिन अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर एयर इंडिया न्यूनतम क्षमता/आपूर्ति स्तर बनाए रखेगी, उनमें दिल्ली-सिडनी, दिल्ली-मेलबर्न, दिल्ली-पेरिस और दिल्ली-फ्रैंकफर्ट शामिल हैं। इन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर एयर इंडिया और विस्तारा दोनों उड़ानें संचालित करती हैं। इसके अलावा, एयर इंडिया और सिंगापुर एयरलाइंस भारत और सिंगापुर के बीच कुछ अतिव्यापी ओएंडडी जोड़े - दिल्ली-सिंगापुर, मुंबई-सिंगापुर, तिरुचिरापल्ली-सिंगापुर और चेन्नई-सिंगापुर के संबंध में न्यूनतम क्षमता/आपूर्ति स्तर बनाए रखेंगे। एक सितंबर को जारी आदेश में आयोग ने कहा है कि पार्टियों द्वारा प्रस्तावित स्वैच्छिक क्षमता प्रतिबद्धताओं से प्रतिस्पर्धा संबंधी संभावित चिंताओं का समाधान होता प्रतीत होता है और इसलिए मामले में जांच आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया गया है। विलय सौदा भारत के तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र में एक प्रमुख समेकन को चिह्नित करेगा। विलय पूरा होने के बाद सिंगापुर एयरलाइंस को तरजीही आवंटन के जरिये विलय के बाद बनने वाली इकाई में अतिरिक्त शेयर आवंटित किए जाएंगे। इस सौदे से एयर इंडिया देश की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनी और दूसरी सबसे बड़ी घरेलू विमानन कंपनी बन जाएगी।

## दोस्त के लिए भारत ने बदला नियम! यूएई के लिए हटाया गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात पर लगा प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** भारत ने संयुक्त अरब अमीरात को 75 हजार टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी है। इससे पहले विशेष रूप से, घरेलू कीमतों पर अंकुश लगाने और घरेलू खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 20 जुलाई से गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने सोमवार देर शाम अपनी अधिसूचना में कहा कि यूएई को निर्यात की अनुमति नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के माध्यम से दी गई है। निर्यात नीति में संशोधन करते समय, डीजीएफटी ने कहा कि अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए उनकी सरकार द्वारा दी गई अनुमति के आधार पर निर्यात की अनुमति दी जाएगी। पिछले महीने, भारत ने सिंगापुर की 'खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करन' के लिए चावल के निर्यात की अनुमति देने का फैसला किया था। बता दें कि पश्चिम अफ्रीकी देश बेनिन भारत से गैर-बासमती चावल के प्रमुख आयातकों में से एक है। अन्य गंतव्य देश संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, बांग्लादेश , चीन, कोटे डी आइवर, टोगो, सेनेगल, गिनी, वियतनाम, जिबूती, मेडागास्कर, कैमरून सोमालिया, मलेशिया और लाइबेरिया है।

## कच्चा तेल 95 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड पिछले 24 घंटे में उछलकर 95 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 92 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीतमों में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय




बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.86 डॉलर यानी 0.92 फीसदी उछलकर 94.82 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.85 डॉलर यानी 0.94 फीसदी की बढ़त के साथ 91.24 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## स्टार्टअप कंपनियों में निवेश मूल्यांकन को लेकर नए 'एंजल कर' नियम अधिसूचित

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने स्टार्टअप कंपनियों की तरफ से निवेशकों को जारी किए जाने वाले शेयरों के मूल्यांकन से संबंधित नए एंजल टैक्स नियमों को अधिसूचित किया है। अधिसूचना के मुताबिक आयकर विभाग ने स्टार्टअप कंपनियों द्वारा निवासी और अनिवासी निवेशकों को जारी इक्विटी और अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय तरजीही शेयरों (सीसीपीएस) के मूल्यांकन के लिए नियमों को अधिसूचित किया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की जारी अधिसूचना में आयकर अधिनियम के नियम 11 यूए में बदलाव के तहत यह प्रावधान किया गया है। इसके तहत अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय तरजीही शेयरों का मूल्यांकन भी उचित बाजार मूल्य पर आधारित हो सकता है।

**क्या होता है एंजल टैक्स**

एक स्टार्टअप कंपनी के शेयरों की बिक्री से उचित बाजार मूल्य से मिलने वाली पूंजी पर वसूले जाने वाले टैक्स को एंजल टैक्स कहा जाता है। पहले एंजल टैक्स सिर्फ स्थानीय निवेशकों पर ही लगता था, लेकिन चालू वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में इसका दायरा बढ़ाकर इसे विदेशी निवेशकों पर भी लगाने का प्रावधान किया गया था।

## एम. राजेश्वर राव फिर से रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर नियुक्त

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने एम. राजेश्वर राव को 09 अक्टूबर, 2023 से एक साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर के रूप में फिर से नियुक्त किया है। रिजर्व बैंक ने जारी अधिसूचना में बताया कि सरकार ने डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। आरबीआई के मुताबिक मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने राव को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर पद पर एक साल के लिए दोबारा नियुक्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। उनका नया कार्यकाल 09 अक्टूबर, 2023 से शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि राजेश्वर राव को अक्टूबर, 2020 में पहली बार तीन वर्ष के लिए रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया था। इसके पहले वह आरबीआई के कार्यकारी निदेशक थे। वह वर्ष 1984 से ही केंद्रीय बैंक से जुड़े हुए हैं।




## सरकार ने निर्यात उत्पादों पर कर छूट योजना की अवधि जून, 2024 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 'निर्यात उत्पादों पर शुल्कों और करों में छूट' (रोडटेप) योजना के तहत दिए जाने वाले निर्यात प्रोत्साहन लाभों की अवधि एक साल और बढ़ाकर जून, 2024 कर दी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में यह जानकारी दी।

मंत्रालय के मुताबिक 30 सितंबर, 2021 को अधिसूचित रोडटेप योजना अब 30 जून, 2024 तक के लिए बढ़ाया जा रहा है। अधिसूचना के मुताबिक सभी मौजूदा निर्यात उत्पादों के लिए पुरानी दरें ही लागू रहेंगी।




यह योजना पिछले साल खत्म हो गई 'भारत से वस्तु निर्यात योजना' (एमईआईएस) की जगह लाई गई है। फिलहाल 10,342 निर्यात उत्पादों पर रोडटेप योजना के तहत लाभ मिलते हैं। इस योजना की अवधि बढ़ाने से निर्यातकों को मौजूदा निर्यात परिदृश्य में बेहतर शर्तों पर निर्यात सौदे हासिल करने में मदद मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि निर्यात किए जाने वाले उत्पादों पर करों एवं शुल्क में छूट देने के लिए 'रोडटेप' योजना सितंबर, 2021 से ही संचालित की जा रही है। इसके तहत निर्यातकों से उत्पादन एवं वितरण के दौरान वसूले गए और किसी अन्य व्यवस्था के तहत न लौटाए जाने वाले करों एवं शुल्कों के 'रिफंड' का प्रावधान किया गया है।

## भारत दुनिया के सबसे प्रतिस्पर्धी विमानन बाजारों में से एक: इंडिगो सीईओ

**नई दिल्ली:** इंडिगो एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे प्रतिस्पर्धी विमानन बाजारों में से एक है। पीटर एल्बर्स ने यहां आयोजित अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार में काफी प्रतिस्पर्धा है। उन्होंने भारत में विमानन केंद्र बनाने की जरूरत पर जोर दिया।



निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी इंडिगो के सीईओ ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे प्रतिस्पर्धी विमानन बाजारों में से है। उन्होंने कहा कि इंडिगो 'परिपक्वता के चरण' से गुजर रही है। साथ ही एयरलाइन अपने अंतरराष्ट्रीय परिचालन का भी विस्तार कर रही है। इंडिगो एयरलाइन 63 फीसदी से अधिक की हिस्सेदारी के साथ घरेलू बाजार में सबसे बड़ी विमानन कंपनी है। इसका मुख्यालय गुड़गांव में है। इंडिगो की स्थापना 2006 में राहुल भाटिया और राकेश गंगवाल ने की थी। एयरलाइन 32 अंतरराष्ट्रीय और 81 घरेलू गंतव्यों को जोड़ती है।

## मोटो जीपी में आए एक लाख से ज्यादा विजिटर्स, 9.3 अरब का हुआ कारोबार

**लखनऊ।** मोटो जीपी भारत के लिए देश और दुनिया के एक लाख से अधिक लोग ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचे। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि पहली बार भारत में होस्ट किए गए इस इवेंट के दौरान रिकॉर्ड तोड़ कारोबार भी हुआ। मात्र 3 दिनों में 106 मिलियन यूरो (9.33 अरब रुपये से भी ज्यादा) की आर्थिक गतिविधियां हुईं, जो इस इवेंट की सफलता का सबसे बड़ा उदाहरण है।

22 से 24 सितंबर के बीच बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर मोटो जीपी, मोटो 2 और मोटो 3 रेस के दौरान दुनिया की 41 टीमों के 82 राइडर्स ने अपनी रफ्तार से भारतीय फैंस को रोमांचित किया। इटली के मार्को बेजेची इस रेस के विजेता बने। भारत में क्रिकेट का जबर्दस्त क्रेज है। क्रिकेट मैचों में हजारों की भीड़ मैदान में बने स्टैंड्स में बैठकर लुत्फ उठाती है, लेकिन क्रिकेट के अलावा दूसरे खेलों का भी यहां पूरा सम्मान है। मोटो जीपी भारत में उमड़ी भीड़ ने इस बात को साबित किया है। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर इस रेस का लुत्फ उठाने के लिए तीन दिनों में एक लाख से अधिक विजिटर्स यहां पहुंचे और उन्होंने रफ्तार और रोमांच से भरी इस रेस का अपनी आंखों से अवलोकन किया। इन एक लाख विजिटर्स में से 10 से 15 हजार के बीच विदेशी विजिटर्स शामिल रहे।

22 से 24 सितंबर के बीच सभी दिन बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर विजिटर्स की भारी भीड़ रही। सर्वाधिक दर्शक मोटो जीपी की फाइनल रेस के दिन उपस्थित रहे। करीब 50 हजार दर्शकों ने मार्को बेजेची को रोमांचक मुकाबले में विनर बनते और मुख्यमंत्री योगी को उन्हें ट्रॉफी प्रदान करते हुए देखा। वहीं, दूसरे दिन करीब 30 हजार विजिटर्स ने क्वालीफाईंग और रेस का नजारा देखा तो शुक्रवार को करीब 15 हजार विजिटर्स बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचे। इसके अलावा 21 सितंबर को भी प्रैक्टिस रेस देखने के लिए हजारों की संख्या में विजिटर्स यहां पहुंचे थे। टीमों के साथ भी 5000 से ज्यादा विदेशी स्टाफ बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर पहुंचा था, तो वहीं 150 के करीब इंटरनेशनल और नेशनल मीडिया के लोग भी इवेंट को कवर करने के लिए मौजूद थे। प्रवक्ता ने बताया कि भारत में पहली बार आयोजित हुई मोटो जीपी का व्यापक आर्थिक प्रभाव भी पड़ा है। इस ग्लोबल इवेंट के दौरान विभिन्न माध्यमों के जरिए 106 मिलियन यूरो (9.33 अरब रुपये से ज्यादा) की आर्थिक गतिविधियां संचालित हुईं। इसमें ट्रैक के विकास और बुनियादी ढांचे में 50 करोड़ का पर्याप्त निवेश शामिल है। इन आर्थिक गतिविधियों का लाभ ग्रेटर नोएडा में होटल इंडस्ट्री, रेस्टोरेंट, परिवहन, हॉस्पिटैलिटी समेत कई सेक्टर्स को मिला है। इस इवेंट के दूरगामी परिणाम भी देखने को मिलने वाले हैं, क्योंकि सीएम योगी की अपील पर कई बड़े ब्रांड्स उत्तर प्रदेश में अपने निवेश का विस्तार करने का मन बना रहे हैं और मोटो जीपी की सफलता इसमें अहम भूमिका निभा सकती है।

उत्तर प्रदेश ने जिस शानदार अंदाज में मोटो जीपी जैसे इंटरनेशनल इवेंट को आयोजित किया, उसके लिए सोशल मीडिया ने भी मुख्यमंत्री योगी के प्रयासों की जमकर तारीफ की। तारीफ करने वालों में यूपी के अलावा देश के अलग-अलग हिस्सों के यूजर्स शामिल रहे, जबकि विदेशियों ने भी ट्रैक और हॉस्पिटैलिटी को सराहा।

## एलपीजी सब्सिडी और मुफ्त राशन योजना का होगा मूल्यांकन, सही लोगों तक लाभ पहुंचाने की बनेगी रणनीति

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार चार लाख करोड़ रुपये की अब तक की सबसे बड़ी सब्सिडी योजनाओं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और एलपीजी के मूल्यांकन की तैयारी में है। नीति आयोग को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। चार लाख करोड़ रुपये की इन सब्सिडी योजनाओं की समीक्षा इसलिए की जाएगी, ताकि होने वाले खर्च को तर्कसंगत बनाया जा सके। इसके साथ ही किसी तरह के रिसाव को रोका जा सके और यह सुनिश्चित किया जा के 256 करोड़ के रिफंड से जुड़े 10,000 से अधिक दावों को मंजूर कर लिया है। योजना के तहत एमएसएमई कंपनियां कोरोना के दौरान सरकारी विभागों एवं सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं की ओर से जब्त प्रदर्शन या बोली गारंटी के 95 फीसदी राशि के रिफंड का दावा कर सकती हैं।

वित्त मंत्रालय ने कहा, कुल 256 करोड़ रुपये के रिफंड में एमएसएमई को सबसे ज्यादा 116.47 करोड़ की राहत पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दी है। रेलवे और रक्षा मंत्रालयों के तहत एजेंसियों के मामले में रिफंड क्रमशः 79.16 करोड़ और 23.45 करोड़ रुपये का है। इस्पात व बिजली मंत्रालय क्रमशः 14.48 करोड़ व 6.69 करोड़ रिफंड देंगे। विवाद से विश्वास योजना की घोषणा 2023-24 के बजट में हुई थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बोर्ड में शामिल हुए मुकेश अंबानी के तीनों बच्चों आकाश, अनंत और ईशा को निदेशक के रूप में कोई वेतन नहीं मिलेगा। हालांकि, इन तीनों लोगों को बोर्ड और कमिटी मीटिंग में जाने के लिए फीस मिलेगी। मुकेश अंबानी (66) ने 2020-21 से कोई वेतन और लाभ का कमीशन नहीं लिया है। रिलायंस के पास कुल पांच वर्टिकल हैं। मुकेश के पास रिलायंस के 41.46त्न शेयर हैं। वह बोर्ड में 1977 से हैं।

**मीथेन उत्सर्जन रोकने के लिए जैविक अपशिष्ट को निपटाना जरूरी**

मीथेन उत्सर्जन को रोकने के लिए जैविक अपशिष्ट के निपटान पर सरकारों को काम करना चाहिए। साथ ही अपशिष्ट कचरा स्थल और जैविक अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधाओं से मीथेन उत्सर्जन का सटीक अनुमान लगाने के लिए राष्ट्रव्यापी अध्ययन होना चाहिए। यह सलाह विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र ने जारी एक रिपोर्ट में दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लैंडफिल साइट पर जैविक रूप से नष्ट होने वाले अपशिष्ट के निस्तारण को तत्काल चरणबद्ध करना बहुत जरूरी है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## दिन भर के उतार चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली।** कमजोर ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी सपाट स्तर पर मामूली बढ़त के साथ हुई थी। पूरे दिन बाजार में खरीदारों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने के लिए खींचतान चलती रही, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में भी लगातार उतार चढ़ाव होता रहा। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.12 प्रतिशत और निफ्टी 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।आज के कारोबार के दौरान इंडस्ट्रियल, रियल्टी, टेलीकम्युनिकेशंस और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती नजर आई। आईटी, बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विसेज से जुड़े शेयर बिकवाली के दबाव में गिर कर बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार



उठा पटक होती रही। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स दिन भर के कारोबार के बाद 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। बाजार में गिरावट के बावजूद आज स्मॉलकैप स्टॉक्स में हुई खरीदारी के कारण शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति में करीब 32 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 318.30 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 317.98 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 32 हजार करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,793 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,863 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,800 शेयरों में गिरावट का रुख रहा। हालांकि 130 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,053 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 953 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,100 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर बढ़त के साथ और 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 47.94 अंक की तेजी के साथ 66,071.63 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की होड़ शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। जहां खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 66,078.26 अंक के स्तर तक पहुंचा वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर गिर कर 65,865.63 अंक के स्तर तक पहुंच गया। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 78.22 अंक की कमजोरी के साथ 65,945.47 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 8.25 अंक की मामूली बढ़त के साथ 19,682.80 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही इस सूचकांक की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 19,699.35 अंक तक पहुंचा। बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 19,637.45 अंक तक गोता भी लगा दिया। पूरे दिन सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद निफ्टी 9.85 अंक की गिरावट के साथ 19,664.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से आयशर मोटर्स 2.52 प्रतिशत, हीरो मोटोकॉर्प 2.01 प्रतिशत, नेस्ले 1.62 प्रतिशत, बजाज ऑटो 1.27 प्रतिशत और ओएनजीसी 1.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

## कसीनो और ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को 55,000 करोड़ के जीएसटी बकाये का नोटिस, ड्रीम11 समेत 12 पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार कसीनो और ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के खिलाफ शिकंजा कस रही है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) ने 12 ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग कंपनियों को 55,000 करोड़ के जीएसटी बकाया को लेकर नोटिस जारी किया है। इन कंपनियों में हेड डिजिटल वर्क्स, ड्रीम11 और अन्य हैं। कुल गेमिंग आय पर जीएसटी का भुगतान न करने के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ड्रीम11 को सबसे अधिक 25,000 करोड़ के बकाये का नोटिस मिला है। यह देश में दिया गया सबसे बड़ा अप्रत्यक्ष कर नोटिस है। आने वाले समय में गेमिंग कंपनियों को एक लाख करोड़ रुपये तक के नोटिस पहुंच सकते हैं। यह नोटिस सरकार ने कसीनो और ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने के निर्णय के बाद भेजे हैं।ड्रीम11 ने पूर्व-कारण बताओ नोटिस मिलने के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया है। बंगलूरू की ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्सक्राफ्ट टेक्नोलॉजी को सितंबर 2022 में 21,000 करोड़ रुपये का कर नोटिस मिला था। अप्रत्यक्ष कर के इतिहास में इससे पहले इस तरह का यह सबसे बड़ा दावा था। पिछले सप्ताह डेल्टा कॉर्प को भी ब्याज और जुर्माने के साथ 11,139 करोड़ रुपये का कर नोटिस भेजा गया है। नए नियम में उपयोगकर्ताओं की ओर से ऑनलाइन गेमिंग के लिए चुकाई रकम पर कर लगाया जाएगा। इससे कौशल और अवसर वाले खेल के बीच कोई अंतर नहीं होगा।